
RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7, अंकः71, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com





दत्तकग्रहण समारोहः 4 वर्षीय बालिका नए परिवार को सौंपी गई 03


रक्सौल बॉर्डर पर नाबालिग को ले जाते युवक गिरफ्तार, मानव तस्करी की आशंका 04

फिल्म चांद मेरा दिल का नया गाना ऐतबार जारी प्यार में तड़पे अनन्या... 07




# पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रिकॉर्ड तोड़ मतदान

## पश्चिम बंगाल में 2021 का रिकॉर्ड टूटा, शाम 5 बजे तक 89.93 प्रतिशत, तो तमिलनाडु में 82 प्रतिशत मतदान

**कोलकाता/चेन्नई (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 89.93 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 82.24 प्रतिशत वोटिंग हुई। दोनों राज्यों के इतिहास में पहली बार सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग के आंकड़े शाम 5 बजे तक हैं। इनमें बदलाव हो सकता है। इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91 प्रतिशत, पुडुचेरी में 90 प्रतिशत और केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा 78.27 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।

### भवानीपुर में ममता ने की पदयात्रा, एसआईआर के विरोध में बंपर वोटिंग

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के भवानीपुर में रोड शो कर रही हैं। ममता वहीं से विधायक हैं। ममता ने कहा एसआईआर के विरोध में जमकर मतदान हुआ है। 29 अप्रैल को दूसरे चरण में वहां वोटिंग होनी है।

### बंगाल के कुमारगंज में भाजपा प्रत्याशी सुवेंदु सरकार को दौड़ाकर पीटा

**कोलकाता/चेन्नई (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार पर हमला हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि सुवेंदु हमले से बचने के लिए भाग रहे हैं। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ है। इसके बावजूद भीड़ सुवेंदु को पीटती है। इधर, बर्नपुर के रहमतनगर इलाके में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर भी हमला हुआ।



### चुनावी रैली में पीएम मोदी बोले- जनता ने तय कर दिया है कि 4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन आएगा

**कोलकाता (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बंगाल के मथुरापुर और कृष्णानगर में चुनावी रैली की। उन्होंने कहा- जनता ने तय कर दिया है कि 4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन आएगा। टीएमसी हारेगी और भाजपा का भरोसा




जीतेगा। मोदी ने कहा कि बंगाल की धरती मां दुर्गा को पूजती है, लेकिन टीएमसी ने महिला आरक्षण के खिलाफ वोटिंग की। टीएमसी की सरकार में गुंडों और बलात्कारियों को खुला संरक्षण मिला हुआ है। बंगाल की बेटियां ये अत्याचार कभी नहीं भूल सकतीं। चुनाव प्रचार के दौरान झालमुड़ी खाने पर उन्होंने कहा- झालमुड़ी मैंने खाई है पर मिर्च विपक्ष को लग रही है। अब का मतदान सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहा है। मैं यहां परिवर्तन की आंधी देख रहा हूं। इधर, पीएम मोदी ने हावड़ा में रोड शो किया।

## संक्षिप्त समाचार

### देश के आधे से ज्यादा राज्यों में हीटवेव जारी

- राजस्थान-यूपी में सड़कों पर पानी छिड़का जा रहा; मप्र में भी पारा हाई, देश के 16 शहरों में पारा 43 डिग्री के पार

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ (एजेंसी)।** देश के आधे से ज्यादा राज्यों में हीटवेव जारी है। बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों में पारा 40 डिग्री से 45 डिग्री के बीच बना हुआ है। महाराष्ट्र का वर्धा और ओडिशा का झारसुगुड़ा बुधवार को 44.6 डिग्री तापमान के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं देश के 16 शहरों में पारा 43 डिग्री से ज्यादा



रिकॉर्ड किया गया। हीटवेव को देखते हुए ओडिशा सरकार ने दोपहर के समय जनगणना प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। यानी फील्ड स्टाफ सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के दौरान सड़कों पर नहीं भटकेंगे।राजस्थान और यूपी में ठंडक के लिए सड़कों पर पानी छिड़का जा रहा है। बीकानेर, ग्वालियर के जू में जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर लगाए गए हैं।इधर, दिल्ली के स्कूलों में वॉटर बेल सिस्टम लागू किया जाएगा। हर 45 से 60 मिनट में घंटी बजाई जाएगी, ताकि छात्रों को पानी पीने की याद दिलाई जा सके और डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके। मौसम विभाग ने प्रदेश में 24 अप्रैल से हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।

### पेट्रोल-डीजल 28 रू. महंगा होने की खबरें गलत

#### सरकार बोली- दाम बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 25-28 रू. प्रति लीटर बढ़ोतरी की खबरों को सरकार ने गलत बताया है। आज यानी 23 अप्रैल को पेट्रोलियम मिनिस्ट्री ने कहा कि दाम बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। ये खबरें भ्रामक हैं और डर फैलाने के लिए फैलाई जा रही हैं। एक दिन पहले कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने रिपोर्ट में अनुमान लगाया था कि बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के खत्म होने के बाद पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है।

### ईरान बोला- ट्रम्प का सीजफायर एकतरफा

- अमेरिकी नाकेबंदी हटेगी तभी बात करेंगे, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- कल तक अच्छी खबर आ सकती है

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह के सीजफायर से इनकार किया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर कालीबाफ ने कहा कि मौजूदा समय में सीजफायर तभी संभव है, जब नाकाबंदी हटाई जाए। ईरान और अमेरिका के बीच 22 अप्रैल को सीजफायर खत्म हो गया था। ट्रम्प ने इसके खत्म होने से पहले ही इसे एकतरफा तरीके से आगे बढ़ा दिया था। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर को लेकर शुक्रवार तक अच्छी खबर आ सकती है।



## बदरीनाथ धाम के कपाट खुले

### जय बदरीविशाल; मंदिर के कपाट खुलते ही गूंजे जयकारे

**देहरादून/ बदरीनाथ (एजेंसी)।** बदरीनाथ धाम में गुरुवार सुबह मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही भक्ति और उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। बैसाख मास के शुभ अवसर पर पुनर्वसु नक्षत्र और सर्वार्थ सिद्ध योग में ठीक सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के द्वार खोले गए। इस दौरान जय बदरीविशाल के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस पावन अवसर पर मौजूद थे। कपाट खुलने से पहले निर्धारित परंपराओं का पालन किया गया। तड़के चार बजे भगवान कुबेर जी का दक्षिण द्वार से प्रवेश हुआ, जिसके बाद मंदिर परिसर में धार्मिक गतिविधियां शुरू हुईं। रावल, धर्माधिकारी और वेदपाठियों ने उद्धव जी के साथ मंदिर में प्रवेश कर विधिवत द्वार पूजन संपन्न कराया। इसके बाद तय समय पर कपाट खोल दिए गए और पूर्वाह्न 11 बजे से गर्भगृह में पूजा-अर्चना आरंभ हुई।

बदरीनथ धाम को भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर परिसर और आसपास के मठ-मंदिरों को लगभग 25 कुंतल ऑर्किड और गेंदे के फूलों व फलों से सजाया गया था, जिससे धाम और पूरा क्षेत्र दिव्य दिखाई दिया। कपाट खुलने से एक दिन पूर्व ही उद्धव, तेल कलश और आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी बदरीनाथ पहुंच चुकी थी। वहीं, कुबेर की डोली बामणी गांव में रात्रि प्रवास के बाद धाम पहुंची। कपाट उद्घाटन के इस आयोजन में आस्था, परंपरा और भव्यता का अनूठा संगम देखने को मिला। इससे पहले सीएम धामी ने बदरीनाथ धाम पहुंचकर यहां हो रहे पुनर्निर्माण कार्यो की समीक्षा भी की।

- सबरीमाला केस, जस्टिस नागरत्ना बोलीं

## वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से जानकारी नहीं चाहिए

- थरूर के आर्टिकल के जिक्र पर सीजेआई ने कहा- लेख पर्सनल ओपिनियन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी को स्वीकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस नागरत्ना ने यह टिप्पणी दाउदी बोहरा समुदाय की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट नीरज किशन कौल की दलील के जवाब में की थी। कौल ने कहा था कि ज्ञान और समझ, चाहे वह किसी भी सोर्स से मिली हो, उसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। कौल एक अखबार में कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के लिखे लेख का हवाला दे रहे थे।

### सबरीमाला मामले पर 7 अप्रैल से शुरू हुई सुनवाई

सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

- सीएम भजनलाल शर्मा बोले-

## बैलों से खेती करने पर 30 हजार अनुदान

**जयपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- हमारा किसान हारी हुई जंग लड़ता है। नुकसान हो जाए, कुछ भी हो जाए, लेकिन अगली बार उसे फसल बोनी ही है, वो हार नहीं मानता। देश का व्यापार जगत राजस्थान की कृषि क्षमता पर विश्वास करता है। राजस्थान सरकार किसानों और निवेशकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। दिल्ली में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2026 रोड शो में मुख्यमंत्री ने कहा- बैलों से खेती करने वाले किसानों को 30 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, जिससे कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिल सके और छोटी जोत वाले किसान ठीक प्रकार से पैदावार कर सकें। हम किसान सम्मान निधि भी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सबसे ज्यादा 2 करोड़ 19 लाख पॉलिसी जारी की गई हैं, जिनमें 6500 करोड़ रुपए का क्लेम सेटल किया गया है। हमने 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली देना शुरू कर दिया है और 2027 तक सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली देना शुरू कर देंगे। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को 23 से 25 मई तक जयपुर में होने वाले ग्रामटेक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।



बिहार में सम्राट सरकार का फैसला

## 11 शहरों में जमीन खरीद-बिक्री पर रोक!

### सैटेलाइट सिटी प्लान से बदलेगा बिहार का नक्शा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में 22 प्रस्तावों को मंजूरी मिली। इनमें सबसे अहम फैसला जमीन खरीद-फरोख्त पर रोक से जुड़ा है। राज्य के 11 प्रमुख शहरों में यह प्रतिबंध लागू किया गया है।

सरकार का मकसद अनियंत्रित विकास पर रोक लगाना है। साथ ही योजनाबद्ध शहरी विस्तार को बढ़ावा देना भी है।

**इन शहरों में लागू हुआ प्रतिबंध-** पटना, गया, मुंगेर, दरभंगा, सहरसा और पूर्णिया जैसे बड़े शहर शामिल हैं। इसके अलावा सोनपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, भागलपुर और छपरा भी सूची में हैं।



#### सैटेलाइट सिटी प्लान से बदलेगा खेल

सरकार इन शहरों के आसपास सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करेगी। इससे भीड़भाड़ वाले शहरों का दबाव कम किया जाएगा। नए शहरों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं दी जाएंगी। यह कदम शहरीकरण को व्यवस्थित बनाने की दिशा में अहम है। रोजगार और निवेश के नए अवसर भी पैदा होंगे। बिहार के विकास मॉडल में यह बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

#### मास्टर प्लान बनने तक पूरी तरह रोक

नगर विकास विभाग के अनुसार मास्टर प्लान बनने तक प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान किसी भी तरह का निर्माण कार्य भी नहीं होगा। लैंड यूज, कोर एरिया और इंफ्रास्ट्रक्चर का खाका तैयार किया जाएगा। योजनाबद्ध तरीके से विकास सुनिश्चित किया जाएगा।सरकार अव्यवस्थित बसावट को रोकना चाहती है। मास्टर प्लान के बाद ही आगे की अनुमति दी जाएगी।

#### अलग-अलग शहरों के लिए अलग समय सीमा

मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, भागलपुर और छपरा में रोक 30 जून 2027 तक रहेगी। वहीं पटना समेत अन्य शहरों में यह 31 मार्च 2027 तक लागू है। समय सीमा तय कर सरकार ने स्पष्ट रोडमैप दिया है।

## मिर्जापुर में दर्दनाक हादसाः 11 की मौत, बोलेरो में 9 जिंदा जले

- बेटे का मुंडन कराकर लौट रहा था परिवार, कोई नहीं बचा; शवों को पहचानना मुश्किल

**मिर्जापुर (एजेंसी)।** यूपी के मिर्जापुर में सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इसमें बोलेरो सवार 9 लोग जिंदा जल गए। हादसा रात 9.30 बजे मिर्जापुर-रीवा नेशनल हाईवे पर हुआ। पुलिस के मुताबिक, एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गया। ट्रक ने आगे चल रही बोलेरो और स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी। दोनों गाड़ियां आगे चल रहे एक ट्रॉले से जा टकरा गईं। रफ्तार तेज होने की वजह से टक्कर के बाद बोलेरो उछलकर अलग हो गई। तेज धमाके के साथ उसमें आग लग गई। जबकि, स्विफ्ट कार ट्रक और ट्राले के बीच में फंस गई। आग इतनी भीषण थी कि बोलेरो सवार 9 लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। इसमें एक ही परिवार के 8 लोग और एक ड्राइवर था। करीब ढाई घंटे तक बोलेरो धू-धू कर जलती रही। मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए आए, लेकिन आग तेज होने की वजह से कोई पास नहीं जा पाया।



### उत्तराखंड की खाई में गिरी गाड़ी, 8 लोगों की मौत

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के टिहरी में चंबा-कोटीकॉलोनी मार्ग पर नैल के पास वाहन खाई में गिर गया, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने लोगों की मौत की पुष्टि की। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और राहत दल घटनास्थल पर पहुंचा। बचाव कार्य शुरू किया गया है। मरने वाले सभी लोग घनसाली क्षेत्र के चांजी, ठेला और चकरेडा गांव के रहने वाले थे। मृतक सभी लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हरिद्वार गए थे। वहां से सभी लोग घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

### मुंबईः गोवंडी में भीषण आग का दिखा तांडव

- देखते ही देखते जलकर खाक हुईं कारें, धमाके से दहला इलाका



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के गोवंडी इलाके में आज सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब खड़ी गाड़ियां अचानक आग का गोला बन गई। आग की चपेट में आने से कम से कम 10 कार क्षतिग्रस्त हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड पर बैंगनवाड़ी सिग्नल के पास सुबह करीब 11:45 बजे हुई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि एक कार का सीएनजी सिलेंडर भी धमाके के साथ फट गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही मुंबई दमकल विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे तथा दोपहर 12 बजकर 22 मिनट पर आग पर काबू पा लिया। उन्होंने कहा, वहां खड़ी 10 से 12 गाड़ियां आग लगने के कारण क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

## महिला आरक्षण में 'ओबीसी कोटा' की बड़ी तैयारी

### कांग्रेस ने राहुल गांधी की मौजूदगी में बनाया नया मास्टरप्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने फैसला किया कि वह लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण में अन्य पिछड़े (ओबीसी) वर्ग के लिए कोटा सुनिश्चित करने की मांग को राष्ट्रीय स्तर पर पुरजोर तरीके से उठाएगी और इसे एक राष्ट्रीय विमर्श बनाने का प्रयास करेगी।

**बड़े नेता हुए शमिल-** कांग्रेस पार्टी के ओबीसी विभाग से संबंधित सलाहकार परिषद की बैठक में इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी महासचिव सचिन पायलट, ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल 'जयहिंद' यादव समेत कई नेता शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में शामिल कांग्रेस नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि पहले कई संस्थानों ने ओबीसी पर डेटा की कमी का



हवाला दिया था लेकिन जाति जनगणना होने के बाद जब यह डेटा उपलब्ध होगा तो उसके आधार पर ओबीसी समुदायों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी हिस्सेदारी भी मिलनी चाहिए।

**इस मांग को दोहराने की जरूरत-** सूत्रों ने कहा कि नेताओं ने बताया, 'कांग्रेस का निरंतर यही रुख रहा है और पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने 2023 में संसद में नारी शक्ति वंदन विधेयक पर चर्चा के दौरान कहा था कि कि ओबीसी को महिला आरक्षण कार्यान्वयन में कोटा दिया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा रोककर 4 लोगों पर चाकू से हमलाःवैशाली में आपसी विवाद में दिया घटना को अंजाम

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के कारण एक व्यक्ति ने टोटो रिक्शा रोककर चार लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में सभी चार लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घायलों की पहचान रवि कुमार (पिता राजेंद्र महतो), निशा कुमारी (पत्नी रवि कुमार), राजेंद्र महतो (पिता स्वर्गीय धूटुक महतो) और बबीता देवी (पत्नी राजेंद्र महतो) के रूप में की गई है। ये सभी सराय थाना क्षेत्र के पौरा गांव के निवासी हैं। पुलिस ने चाकू मारने के आरोपी विक्की कुमार (पिता देवेंद्र महतो) को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना सराय-लालगंज मुख्य



मार्ग पर स्थित नरेंद्र प्रबोधि गांव के पास हुई। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार आरोपी ने बीच सड़क पर टोटो रिक्शा को रोका और उस पर सवार लोगों पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। घायलों को तत्काल सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और विवाद के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

### सोनपुर में यादव समाज ने पासवान के युवकों को पीटा, बारात के दौरान हिंसक झड़प

**हाजीपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर नेवल टोला में एक बारात के दौरान डीजे पर अश्लील गाने बजाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस झड़प में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कश्मीरी राय की शादी के दौरान बारात जब सबलपुर नेवल टोला पहुंची, तो डीजे पर कथित रूप से अश्लील गाने बजाए जा रहे थे। स्थानीय पासवान समाज के लोगों ने इसका विरोध किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनकी पहचान इस प्रकार की गई है। सुभाष कुमार पासवान (38) और राजन पासवान (25) के रूप में हुई है। दोनों को पहले सोनपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल सुभाष कुमार पासवान के अनुसार, रात करीब 12:30 बजे बारात के दौरान डीजे बज रहा था, जिसमें अश्लील गाने चल रहे थे। उनका कहना



है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो बारात पक्ष के कुछ लोगों ने बेल्ट, ईंट और लाठी से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने जातिसूचक गालियां भी दीं और जान से मारने की धमकी दी। घायल पक्ष का यह भी आरोप है कि जब उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, तो आरोपियों ने पुलिस को भी धमकाने की बात कही। उनका कहना है कि पुलिस के आने पर भी आरोपियों का व्यवहार आक्रामक रहा और बाद में उन्हें अस्पताल जाने के दौरान भी पीछा करने की कोशिश की गई। वहीं सोनपुर थाना पुलिस ने घटना को लेकर अलग जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, अश्लील गाना बजाने की बात सही नहीं है और मामला गाड़ी साइड करने को लेकर हुए मामूली विवाद से शुरू हुआ था, जो बाद में झड़प में बदल गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

### मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर ऑफिस में लगी आग, डॉक्यूमेंट्स, कंप्यूटर जलकर राख, शॉर्ट सर्किट की आशंका

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को प्लेटफॉर्म-1 पर रेल कार्यालय में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। स्टेशन परिसर से काले धुएं का गुबार उठता देख यात्रियों और रेल कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। बिजली के तारों से चिंगारी निकलने के बाद वहां रखे दस्तावेज और फर्नीचर आग की चपेट में आ गए। पूरे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्लेटफॉर्म पर मौजूद दुकानें तुरंत बंद कर दी गई। वेंडर सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए। ट्रेन पकड़ने आए यात्रियों को काफी असुविधा हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के जवान मौके



पर पहुंचे। अग्निशमन विभाग को तुरंत सूचना दी गई। आनन-फानन में दमकल की 2 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्टेशन के संकरे हिस्सों और प्लेटफॉर्म पर भीड़ के कारण बचाव कार्य में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन रेल कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण कागजात, कंप्यूटर और सरकारी संपत्ति के जलकर खाक होने की आशंका है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। सटीक कारणों की जांच के लिए कमेटी गठित करने की बात कह रहे हैं। फिलहाल, स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### महिला टीचर से मारपीट, स्कूल प्रबंधक पर गंभीर आरोप, पीड़िता बोलीं- छुट्टी मांगने पर बढ़ा विवाद

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र स्थित एशियन स्कूल में एक शिक्षिका के साथ मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आया है। शिक्षिका ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रहा है, जिसके बाद शिक्षा जगत और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पीड़ित शिक्षिका की पहचान अंकिता कुमारी के रूप में हुई है। अंकिता ने बताया कि विवाद उनकी बी.एड इंटर्नशिप के लिए मांगी गई छुट्टी को लेकर शुरू हुआ। वह लंबे समय से स्कूल में काम कर रही थीं। जब उन्होंने इंटर्नशिप के लिए अवकाश मांगा, तो स्कूल प्रबंधन का रवैया बदल गया। सभी स्टाफ को समय पर वेतन दिया गया, लेकिन उनकी सैलरी रोक दी गई। जब वह अपने बकाया वेतन के बारे में पूछताछ करने स्कूल पहुंचीं, तो प्रबंधन ने उनसे सीधे बात करने से इनकार कर दिया। उन पर एक महीना और काम करने का दबाव बनाया गया। कहा गया कि इसके बाद ही उन्हें बकाया पैसा दिया जाएगा और फिर उन्हें इस्तीफा देना होगा। अंकिता ने आगे बतायाकि इस शर्त पर आपत्ति जताई और अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका व्यक्त की, तो स्थिति और बिगड़ गई। घटना वाले दिन बकाया 15 हजार रुपए की मांग करने दोबारा एशियन स्कूल पहुंची थीं। वहां मौजूद एक पुरुष शिक्षक और एक महिला परिचारिका ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। उनके साथ धक्का-मुक्की की गई, बाल पकड़कर बेरहमी से पीटा गया और गलत तरीके से छेड़छाड़ भी की गई। जबरन स्कूल के गेट से बाहर धकेल दिया गया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, एशियन स्कूल प्रबंधन ने इन तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। स्कूल प्रशासन का कहना है आरोप बेबुनियाद है।घटना को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। स्कूल के अनुशासन को बनाए रखने के लिए कदम उठाए गए थे और मारपीट जैसी कोई बात नहीं हुई है। घटना के तुरंत बाद लहूलुहान और डरी-सहमी शिक्षिका ब्रह्मपुरा थाना पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता और वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में 10 साल की बच्ची का अपहरण, फिर हत्या

## आंख-चेहरे पर कई जगह जख्म, स्कूल यूनिफॉर्म में घर से 500 मीटर दूर मिला शव

**एजेंसी, पटना**

पटना में 10 साल की छात्रा की अपहरण के बाद हत्या की गई है। बच्ची का शव उसके घर से करीब 500 मीटर दूर एक गली से कंबल में लिपटा हुआ मिला। मामला बाईपास थाना क्षेत्र का है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने FSL टीम और डॉग स्क्वाड को भी छानबीन के लिए बुलाया है। बच्ची का नाम रोशनी कुमारी है। वो 6वीं क्लास में पढ़ती थी। बच्ची बुधवार सुबह से लापता थी।

**बुधवार सुबह दूध लेने निकली, फिर नहीं लौटीः** बच्ची के पिता अनु यादव ने बताया कि, 'हम आसपास के घरों में दूध बेचते हैं। बुधवार सुबह बेटी पास के शिवकुमार ठाकुर के घर दूध देने निकली थी, उसके बाद नहीं लौटी। हम उसे तलाशते रहे। हमने बेटी को स्कूल से लेकर गांव में सब जगह ढूंढा, लेकिन वो नहीं मिली। रिश्तेदारों के घर भी गए। सोचा वो वहां चली गई होगी। बेटी वहां भी नहीं मिली। इसके बाद हमने बाईपास थाने को सूचना दी। पुलिस ने भी हमारे साथ गांव में घूम-घूमकर पड़ताल की। पुलिस ने शिवकुमार ठाकुर से भी बात की। शिवकुमार ने बताया कि बेटी उसके घर दूध देने



आई थी। दूध देने के बाद वो वहां से निकल गई। मेरी कुछ लोगों से दुश्मनी तो है, लेकिन पता नहीं किसने मेरी बच्ची को मारकर फेंक दिया। स्कूल यूनिफॉर्म में ही उसकी बॉडी मिली है।'

**दादी बोली- मैं दूध पहुंचाने नहीं बोलती तो पोती जिंदा होतीः** रोशनी कुमारी की दादी राजमंति देवी ने बताया, 'बुधवार पोती यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल जाने के लिए तैयार थी। मेरे ही कहने पर वो पड़ोस के घर दूध पहुंचाने के लिए गई। उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। मैंने दूध पहुंचाने नहीं कहा तो शायद रोशनी आज जिंदा होती। गुरुवार की सुबह उसकी लाश गली में मिली। अपराधियों ने रोशनी को मार कर फेंक दिया है। घर में कोई नहीं था। वो स्कूल के लिए तैयार भी हो चुकी थी। मैंने सोचा कि वो दूध देते हुए स्कूल चली जाएगी। 5 से 10 मिनट में उसे लौट जाना था, लेकिन वो नहीं आई।'

मृतक छात्रा के परिजन और स्थानीय लोग शव लेकर पटना-फतुहा मुख्य सड़क पर पहुंचे और जाम कर दिया। लोगों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे लोग अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे।

**पुलिस बोली- हत्या से पहले बेरहमी पीटा गयाः** बाईपास थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया, 'बच्ची के लापता होने की सूचना परिजनों ने बुधवार की रात दी थी। रात भर छात्रा की तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार की सुबह एक गली में छात्रा का शव मिला है। रोशनी कुमारी के शरीर पर कई गहरे जख्म हैं, जिसे देखकर लगता है कि हत्या से पहले उसकी जमकर पिटाई की गई है। जिस जगह पर शव मिला है, वहां भी पुलिस की टीम रात में गई थी, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इससे लगता है कि हत्या कहीं और कर के बॉडी को घर के पास फेंका गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ भी जारी है। FSL टीम और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया है। मामले की जांच तेज कर जल्द ही खुलासा करेंगे।'

# 'मेरी लापता बच्ची किसी को मिले तो पहुंचा दें'

**एजेंसी, पटना**

पटना में हनुमान मंदिर परिसर से 19 दिन पहले 3 साल की बच्ची अंशु लापता हुई थी। उसका अभी तक कुछ पता नहीं चला है। परिजन और स्थानीय वार्ड पार्षद श्वेता रंजन पुलिस की कार्यशाली पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस लापरवाही बरत रही है। पुलिस मुकम्मल कार्रवाई नहीं कर रही है। परिजन खुद पटना शहर में बच्ची की तस्वीर का पंपलेट लगा रहे हैं। जो पुलिस की उदासीनता को दर्शाता है।

पंपलेट पर फोटो के साथ लिखा है, 'बच्ची 4 अप्रैल की शाम से लापता है। किसी भाई-बहन को मिले तो पटना जंक्शन महावीर मंदिर पर पहुंचाने का कष्ट करें...।' श्वेता रंजन ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि, 'वरीय अधिकारियों को इसपर संज्ञान लेना चाहिए। हमलोग इसके खिलाफ हैं। बच्ची की सकुशल बरामदी होनी चाहिए।' मामला कोतवाली थाने से जुड़ा है। लापता अंशु कोतवाली इलाके के कमला नेहरू नगर की रहने वाली है।

**महिला सिपाही की मदद से थाने पहुंची थी पीड़िताः** गुमशुदगी के 15 दिन के बाद 18 अप्रैल को एक महिला ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल की मदद से पीड़ित परिजन कोतवाली थाने पहुंचे थे। काफी जद्दोजहद के



♦ पर्चा लगाकर 3 वर्षीय बेटी को तलाश रहे परिजन, 19 दिन में पुलिस के हाथ खाली

बाद थाने ने पीड़िता के आवेदन को एक्सेप्ट किया था। बच्ची की नानी मीना देवी ने बताया था कि 4 अप्रैल की शाम लगभग 6:00 बजे अंशु अपनी मां नितु कुमारी के साथ महावीर मंदिर पूजा के लिए गई थी। इसी दौरान मंदिर परिसर के आसपास से गुमशुदा हो गई।

हमलोग जीआरपी थाने गए। वहां पूरी घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद वहां से कोतवाली थाने भेज दिया गया। नानी के मुताबिक कोतवाली थाने पहुंचने पर बच्ची की गुमशुदगी से संबंधित एविडेंस मांगे गए, नहीं होने पर लौटा दिया गया। 15 दिनों तक अपने स्तर से खोजबीन की। इसी बीच एक महिला ट्रैफिक कांस्टेबल को घटना के बारे में जानकारी मिली। उसने पूरी मदद की।

# नाले का पानी सड़क पर आया, पटना में सड़क धसने से गिरी थी पोकलेन

**एजेंसी, पटना**

पटना के जय प्रकाश नगर में राजीव नगर नाले का पानी सड़क पर आ जाने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गंदे काले पानी से पूरे इलाके में बदबू फैल गई है, जिससे सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। जगह-जगह गड्ढे में पानी भरा होने के कारण कई बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति बीमारी का घर बन चुकी है और अगर पानी का स्तर और बढ़ा तो नाले का पानी घरों में भी घुस सकता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाले की सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। मंगलवार देर रात सड़क धसने से पोकलेन मशीन राजीव नगर नाले में गिर गई थी। सिल्ट हटाने के दौरान पीसीसी सड़क धंसने से यह

**❏ बदबू से लोग बेहाल, बुडको बोला- डीवॉटरिंग करेंगे**



हादसा हुआ। हालांकि, इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। मगर नाले के किनारे कई जगह सड़क हादसे का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद सभी जगहों पर बेरिकेडिंग नहीं की गयी है।

# पटना में 3 महीने में 45 करोड़ का ड्रग्स पकड़ा, एंटी वेनम सिरम का नशे में इस्तेमाल

**एजेंसी, पटना**

पटना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले तीन महीनों में 45 करोड़ रुपये से अधिक के नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, कुल बरामदगी का करीब 60 से 70% हिस्सा शहर के पूर्वी इलाकों से हुआ है। इसमें एंटी वेनम सिरम, बूप्रेनोरफीन, एविल इंजेक्शन और प्रतिबंधित कफ सिरप शामिल हैं। एंटी वेनम सिरम का इस्तेमाल स्नेक बाइट केस में इलाज के लिए किया जाता है। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि, नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। NDPS से जुड़े मामलों में रिकवरी और गिरफ्तारी के लिए विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया है, जिसमें पत्रकार नगर थाना, चित्रगुप्त नगर थाना, सुल्तानगंज थाना, बहादुरपुर थाना, गोपालपुर थाना और मुसल्लहपुर थाना के SHO शामिल हैं।

**6 अप्रैल को 1 करोड़ की खेप जब्त कियाः** पटना पुलिस ने 6 अप्रैल 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस



को 9,370 यूनिट नशीले इंजेक्शन और 5,537 यूनिट कोडीन युक्त कफ सिरप मिले हैं। इसके अलावा एंटीबायोटिक और एंटी-वेनम जैसी दवाएं भी बरामद की गईं।

**बूप्रेनोरफीन, एविल इंजेक्शन का खतरनाक कॉम्बिनेशनः** पकड़े गए सप्लायर ने पुलिस को बताया है कि बूप्रेनोरफीन, एविल इंजेक्शन दोनों साथ मिलकर नशे के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। इसका नशा काफी घंटे तक रहता है। आमतौर पर इस इंजेक्शन का इस्तेमाल एलर्जी खुजली और स्किन संबंधित बीमारी में होता है।

**❏ मास्टरमाइंड नीरज की तलाश में जुटी पुलिस**

**मास्टरमाइंड की तलाश जारीः** पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि, 'इस नेटवर्क का मुख्य सरगना नीरज फिलहाल फरार है। उसके गोदामों को जब्त किया गया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वह लंबे समय से पटना सिटी और आसपास के इलाकों में एक्टिव था। उसकी भूमिका मास्टरमाइंड के तौर पर हो सकती है।' पुलिस अब उसके पूरे नेटवर्क और अवैध कमाई से बनाई गई संपत्ति की भी जांच कर रही है। कुछ संपत्तियों की सूची तैयार कर ली गई है, जिन्हें जल्द जब्त किया जा सकता है। पुलिस का कहना है कि नशे के इस सिंडिकेट को जड़ से खत्म करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# भीषण गर्मी में लोगों को फ्री में मिलेगा ठंडा पानी चौक-चौराहों पर मिलेगा वॉटर ऑन-व्हील

**एजेंसी, पटना**

गर्मी के मौसम में लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए पटना नगर निगम ने लोगों के राहत के लिए विशेष व्यवस्था की है। नगर निगम द्वारा सभी अंचलों में सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्याऊ और "निगम नीर" की व्यवस्था की गई है। इन स्थानों पर राहगीरों, रिक्शा चालकों, श्रमिकों, दुकानदारों और आम लोगों के लिए फ्री में ठंडे पानी की व्यवस्था है।

**'निगम नीर' की मोबाइल सेवा से लोगों को मिल रहा पेयजलः** निगम नीर वॉटर ऑन-व्हील सेवा है, जिस पर एक वक्त में 200 लीटर पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। इनमें नल लगा है, जिसमें आम लोग आसानी से अपने बोतल में पानी भर सकते हैं। इसके साथ ही ये आवश्यकतानुसार इनकी लोकेशन भी बदली जाती है। सरकारी आयोजनों, भीड़-भाड़ वाले जगहों आदि पर आवश्कतानुसार और आदेशानुसार व्यवस्था निगम द्वारा की जाती है।

वर्तमान में विकास भवन, जीपीओ गोलंबर, पटना जंक्शन, और राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन के पास निगम नीर की गाड़ियां मौजूद रहती हैं। इसके साथ ही अन्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों जैसे एनएमसीएच, अगमकुआं, गायघाट, नबाब बहादुर रोड, पश्चिम दरवाजा, सिटी कोर्ट, आलमगंज थाना, जल्ला रोड, बजरंगपुरी, आर्य कुमार रोड, नाला रोड, कदमकुआं, खेतान मार्केट,



बारीपथ, अशोक राजपथ, खजांची रोड, जीएम रोड, सब्जीबाग, बाजार समिति, मुसल्लहपुर हाट आदि स्थलों पर निगम नीर की गाड़ी घूम-घूमकर आम लोगों को पेयजल उपलब्ध करा रही है। पटना नगर निगम द्वारा विभिन्न अंचलों में अलग-अलग स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था भी की गई है। सभी प्याऊ पर दो बड़े घड़े रखे गए हैं, जिनमें एक वक्त में 100-100 लीटर पीने के पानी की व्यवस्था है। इन मटकों की नियमित साफ-सफाई और रीफिलिंग नगर निगम द्वारा की जाती है। निगम के अनुसार अगर किसी क्षेत्र में पेयजल की समस्या या प्याऊ, निगम नीर की व्यवस्था में कोई कमी दिखाई दे रही है, तो नागरिक संबंधित अंचल कार्यालय या टोल फ्री नंबर 155304 या व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 9264447449 पर इसकी सूचना दे सकते हैं।

# पूर्व थानाध्यक्ष को ईओयू ने भेजा नोटिस

**एजेंसी, पटना**

किशनगंज के पूर्व नगर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने उन्हें आय से अधिक संपत्ति मामले में पूछताछ के लिए पटना स्थित अपने कार्यालय में तलब किया है। अभिषेक कुमार रंजन को EOU ने नोटिस भेजा है। पूछताछ के लिए EOU ने अभिषेक कुमार रंजन को बुलाया है। मंगलवार को EOU कार्यालय आकर अभिषेक को अपना पक्ष रखने को कहा गया है। अभिषेक कुमार रंजन पर आय से 118 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। EOU की 5 अलग-अलग टीम ने 14 अप्रैल को अभिषेक के 5 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। पटना, छपरा, सिलीगुड़ी और मुजफ्फरपुर में करोड़ों के बंगले और जमीन के निवेश का EOU ने छापेमारी के दौरान खुलासा किया था।

**16 साल के सेवा काल में लगभग 50 करोड़ रुपए की अवैध संपत्तिः** सूत्रों के अनुसार, अभिषेक कुमार रंजन पर अपने 16 साल के सेवा काल में लगभग 50 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति अर्जित करने का गंभीर आरोप है। जांच एजेंसी को संदेह है कि उन्होंने पद का दुरुपयोग कर यह संपत्ति जुटाई है। ईओयू अब उनकी आय के स्रोतों और संपत्तियों के नेटवर्क की जांच कर रही है। ईओयू की पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की उम्मीद है। एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अवैध संपत्ति का नेटवर्क कितना बड़ा है और इसमें किन-किन लोग शामिल हैं। आने वाले दिनों में इस मामले में और भी कई खुलासे होने की संभावना है।




**आय से 118 प्रतिशत अधिक संपत्ति पर होगी पूछताछ, बड़े नेटवर्क का खुलासा संभव**

**निलंबित SDPO के सहयोगी रहे हैं अभिषेक रंजनः** यह मामला तब सामने आया जब किशनगंज के निलंबित एसडीपीओ गौतम कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच चल रही थी। उसी दौरान अभिषेक रंजन का नाम भी जांच के दायरे में आया। जांच में संकेत मिले कि अभिषेक रंजन, गौतम कुमार के करीबी सहयोगी रहे हैं। ईओयू की प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि थानाध्यक्ष के स्थानीय बालू माफिया, एंट्री माफिया, शराब माफिया और तस्करों से गहरे संबंध थे। इस अवैध कमाई को जमीन, मकान और अन्य बेनामी संपत्तियों में निवेश किया गया।

# 'जो कहा वो किया', पटना में लगे नीतीश के पोस्टर

**एजेंसी, पटना**

नीतीश कुमार के सीएम पद छोड़ने के बाद उनके कामों को लेकर पटना में पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में बिहार में पिछले दो दशकों के दौरान हुए विकास कार्यों को बताया गया है। खासतौर पर महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी योजनाओं को प्रमुखता दी गई है। पोस्टरों पर बड़े अक्षरों में लिखा है— "जो कहा... वो किया", जिसके जरिए नीतीश कुमार के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

**सम्राट सरकार में भी नीतीश के काम पर जोरः** राज्य में वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, लेकिन पोस्टरों में विकास कार्यों का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिया जा रहा है। इसे लेकर राजनीतिक हलकों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। माना जा रहा है कि इन पोस्टरों के जरिए जनता के बीच यह संदेश देने की कोशिश है कि बिहार के विकास की मजबूत पहचान अब भी नीतीश कुमार के नाम से जुड़ी हुई है।

**हंसते-हंसते फ्लोर टेस्ट पास करेंगे CM सम्राटः श्रवण कुमार** – बिहार में बनी नई सम्राट सरकार को कल बहुमत पेश करना है। इसे लेकर जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा, 'एक तरफ 202 है और एक तरफ 35। सम्राट सरकार को बहुमत हंसते-हंसते मिलेगा।' क्रॉस वोटिंग पर श्रवण कुमार ने कहा, 'उनसे पूछिए कि वो क्या करेंगे।' वहीं प. बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव पर उन्होंने



कहा, वर्तमान सरकार हताश और निराश है। चुनाव में बदलाव होगा और एनडीए की सरकार बनेगी। वोटिंग में बमबाजी को लेकर कहा, जो हताश और निराश हैं, वो इस तरह गुंडागर्दी का सहारा ले रहे हैं। उनके नापाक इरादे कभी कामयाब नहीं होंगे।

**नीतीश कुमार के आशीर्वाद से सरकार चल रहीः जदयूः** इधर, जदयू के सीनियर लीडर और डिप्टी सीएम विजय चौधरी और जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा, 'बिहार में सरकार नीतीश कुमार के आशीर्वाद से चल रही है। 24 अप्रैल को विधानसभा में सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। कल इसी के लिए सत्र बुलाया गया है। हम बड़े मजबूती से मत हासिल करेंगे। साधारण बहुमत नहीं, मजबूत बहुमत है।' प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजय चौधरी ने कहा, 'नीतीश कुमार की सोच को ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आगे बढ़ा रहे हैं। आप सब जानते हैं, जो रास्ता नीतीश कुमार ने बिहार के लिए बनाया है। उसी पर सरकार चल रही है। जनता ने तो 20 सालों में दिखा दिया, उनको नीतीश कुमार जी पसंद है।'

**तेजस्वी यादव पर डिप्टी सीएम का पलटवारः** डिप्टी सीएम विजय चौधरी ने आगे कहा, 'तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि सरकार 12 हजार करोड़ का कर्ज ले रही है। बिहार की जनता विकास देखती है या खजाना देखती है। अभी वो स्थिति नहीं आई है, जैसे उनकी सरकार चलती थी। उस समय वित्त विभाग लाल घेरे में रहती थी।' वहीं उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र यादव से तेजस्वी के बिहार में अपराधी सम्राट हो गए हैं वाले बयान पर कहा, 'अपने क्या हैं वो, उनसे पूछिए कि वो खुद क्या हैं।' तेजस्वी यादव के लॉ एंड ऑर्डर पर उठाए गए सवाल पर श्रवण कुमार ने कहा, 'बिहार की जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है। उनके माता-पिता के समय बिहार जंगलराज के दौर से गुजरा है। उनको ऐसी बात नहीं करना चाहिए।'

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** जिले में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार सघन अभियान चला रही है। इसी कड़ी में केसरिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर केसरिया थाना क्षेत्र के केसरिया डीह गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल बरामद हुई। जांच के क्रम में वाहन से संबंधित वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके, वहीं मोटरसाइकिल का चेचिस नंबर एवं इंजन नंबर भी घिसा हुआ पाया गया। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पुलिस ने गोलू महतो (पिता-रामेश्वर महतो), निवासी केसरिया डीह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। साथ ही, अभियुक्त की संलिप्तता अन्य वाहन चोरी की घटनाओं में भी खंगाली जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वाहन चोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### देशी कट्टा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस की त्वरित कार्रवाई

- कल्याणपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी, अवैध हथियार के साथ आरोपी पकड़ा गया

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कल्याणपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक अभियुक्त को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के यमुनापुर गांव में विशेष अभियान चलाकर मुकेश यादव (पिता- रामेश्वर यादव, निवासी- मनौरा, थाना- कल्याणपुर, जिला- पूर्वी चंपारण) को एक देशी कट्टा के साथ विधिवत गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी को मौके से दबोच लिया और बरामद हथियार को जब्त कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि अवैध हथियार कहां से लाया गया और इसके पीछे कोई गिरोह सक्रिय है या नहीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हत्या के प्रयास कांड में दो अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**बीएनएम @ मोतिहारी।** जिले में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सख्ती बरत रही है। इसी क्रम में कल्याणपुर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कल्याणपुर थाना कांड संख्या-168/26 एवं 171/26 में दर्ज हत्या के प्रयास के मामलों में नामजद अभियुक्त सत्यम कुमार (पिता-योगेंद्र महतो), निवासी बखरी बैरागी टोला तथा भृगु महतो (पिता-जिउत महतो), निवासी बैरागी टोला बखरी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। वहीं, मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि हत्या के प्रयास जैसे संगीन अपराधों में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### 644 बोतल नेपाली शराब बरामद, चोरी की बाइक का खुलासा

**बीएनएम @ मोतिहारी।** शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत घोड़ासहन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में तस्करों के मंसूबों पर पानी फिर गया। पुलिस के अनुसार, ग्राम जगिरहा कोठी ढाला के समीप छापेमारी के दौरान दो मोटरसाइकिलों पर लदी कुल 644 बोतल नेपाली शराब (करीब 193.2 लीटर) बरामद की गई। मौके से दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया गया। जांच के दौरान एचएचडी मशीन से वाहनों की जांच की गई, जिसमें एक मोटरसाइकिल का चेचिस नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर अलग-अलग पाया गया। इससे स्पष्ट हुआ कि उक्त बाइक चोरी की है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। साथ ही शराब तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### फाइनल मैच में मुरारपुर टीम ने मारी बाजी, पूर्व मुखिया ने किया खेल का उदघाटन



**बीएनएम @ तुरकौलिया।** कवलपुर में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को मुरारपुर और मठवा टीम के बीच फाइनल मैच गुरुवार को खेला गया। फाइल मैच का उदघाटन तुरकौलिया पूर्वी पंचायत की पूर्व मुखिया व एबी हास्पीटल की डायरेक्टर डॉ0 बेबी आलम ने फीटा काटकर किया। जहां मुरारपुर ने पहले टास जीतकर बैटिंग शुरू किया। पुरा 12 ओवर का खेल खेलते हुए 4 विकेट गंवाकर 205 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जहां जवाब में उतरी विपक्षी टीम मठवा ने पुरे ओवर खेलते हुए सात विकेट खोकर केवल 184 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। हालांकि खिलाड़ियों ने अथक प्रयास किया। लेकिन सफल नही हुए। इस प्रकार मुरारपुर टीम बड़ी आसानी से 102 रनों से जीत हासिल कर लिया। विजेता टीम के मिठू कुमार को मैन आफ द मैच और मैन आफ द सिरिज का खिताब जायका एंड कैफे रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर जसीम अख्तर के हाथों दिया गया। वही आयोजक कमिटी के तरफ से मुरारपुर टीम के खिलाड़ी विशाल कुमार को बेस्ट फील्डर का खिताब दिया गया। मैच को सफल बनाने में सम्मी, शाकिब, शान, आरिफ, हातिम, नसीम, अरमान, अजहरुद्दीन, उपसरपंच अजमल कमाल उर्फ लाल ने अहम भूमिका निभाया है।

## एक ही गिरफ्तारी मामले के दो अलग अलग दावेदार

# बरामदगी का क्रेडिट वारः सच कौन, कहानी किसकी?

सागर सूरज





**मोतिहारी /रक्सौल।** नाबालिग लड़की की बरामदगी को लेकर इस समय "सफलता" से ज्यादा "संदेह" चर्चा में है। एक ओर हरसिद्धि पुलिस खुद को इस पूरे ऑपरेशन का नायक बता रही है, वहीं दूसरी ओर रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी और एएचटीयू की टीम ने भी लड़की को अपने प्रयास से बचाने का दावा करते हुए तस्वीरें जारी कर दी हैं। जिसके कारण नतीजा सच्चाई कम, क्रेडिट की होड़ ज्यादा नजर आ रही है।

हरसिद्धि पुलिस के अनुसार तीन दिनों में अपहरण का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, लड़की बरामद बताया गया है। लेकिन रक्सौल से आई तस्वीरें और जानकारी इस कहानी में नया मोड़ दे दी है। वहां सुरक्षाबलों का दावा है कि उन्होंने नेपाल से भारत लाए जा रहे संदिग्ध युवक के साथ किशोरी को पकड़ा, काउंसलिंग कराई और फिर आगे की प्रक्रिया शुरू की। अब सवाल यह है कि आखिर असली बरामदगी किसने की?

अगर एसएसबी और एएचटीयू ने लड़की को पकड़ा, तो हरसिद्धि पुलिस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें लड़की "हैंडओवर" की गई थी। और यदि हरसिद्धि पुलिस ने खुद बरामदगी की, तो रक्सौल बॉर्डर की कार्रवाई क्या महज संयोग थी? दो-दो तस्वीरें, दो-दो दावे और एक ही लड़की मामला साफ कम, उलझा ज्यादा दिख रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या विभागों के बीच समन्वय की कमी है, या फिर "पहले मैं" की होड़ में तथ्यों को पीछे छोड़ दिया गया? आम लोगों के बीच यह चर्चा भी तेज है कि मामला कहीं न कहीं "लव जिहाद" के एंगल से भी देखा जा रहा है, जिससे संवेदनशीलता और बढ़ गई है।

विडंबना यह है कि जहां एक ओर लड़की की सुरक्षा और न्याय सबसे अहम मुद्दा होना चाहिए, वहीं दूसरी ओर एजेंसियों के बीच श्रेय लेने की प्रतिस्पर्धा ने पूरे प्रकरण को 'हॉचपॉच' बना दिया है। अब जरूरत है साफ और पारदर्शी बयान की ताकि यह तय हो सके कि असल में काम किसने किया और जिम्मेदारी किसकी बनती है।

## दत्तकग्रहण समारोहः 4 वर्षीय बालिका नए परिवार को सौंपी गई

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** शहर के बाईपास रोड स्थित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में गुरुवार को आयोजित समारोह के दौरान 4 वर्षीया बालिका 'रंजना' (काल्पनिक नाम) को अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी निशांत सिहारा द्वारा उसके भावी दत्तक माता-पिता को सौंपा गया। बालिका के दत्तक माता-पिता गुजरात निवासी हैं। बालिका के दत्तक पिता गुजरात इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक अक्षय कुमार, बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान के कर्मी उपस्थित रहे। बताया गया कि इस वर्ष अब तक यह तीसरा दत्तकग्रहण है। वर्तमान में संस्थान में 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के 6 बच्चे आवासित हैं। दत्तकग्रहण के इच्छुक दंपति केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA) के पोर्टल http://cara.wcd.gov.in पर पंजीकरण कर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। यह प्राधिकरण भारत सरकार के अंतर्गत देशीय एवं अंतरदेशीय गोद लेने की प्रक्रिया की निगरानी करता है, जबकि जिला स्तर पर यह प्रक्रिया विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान और जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से संपन्न कराई जाती है।

## प्रबंधन विभाग में करियर पर विशेष सत्र, छात्रों को मिला मार्गदर्शन

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान विभाग में 21 अप्रैल को एमबीए छात्रों के लिए करियर पर एक विशेष परामर्श सत्र आयोजित किया गया। 'मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए करियर के विभिन्न अवसर' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के उप-कुलसचिव सुहर्ष कुमार मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए प्रबंधन क्षेत्र में उपलब्ध विविध करियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान सहित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक पदों के अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन पदों के लिए सुनियोजित तैयारी, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास आवश्यक है। सत्र के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कई प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता ने सरल तरीके से उत्तर दिया। उद्यमिता पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों में भी योजनाबद्ध तरीके से व्यवसाय शुरू किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. सपना सुगंधा ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे सत्र छात्रों को नए अवसरों को समझने और अपने लक्ष्य तय करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कौशल विकास और व्यावहारिक ज्ञान के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। अंत में छात्रों ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे सत्रों के आयोजन की सराहना की।

## हर नागरिक की गणना राष्ट्रीय जिम्मेदारीः फारूक अंसारी

» चकिया नगर परिषद में जनगणना 2026 के दूसरे बैच का प्रशिक्षण संपन्न, 45 प्रगणकों को दी गई विस्तृत जानकारी

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** जिला के नगर परिषद चकिया क्षेत्र में जनगणना 2026 के तहत प्रतिनियुक्त प्रगणकों के दूसरे बैच का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान लगभग 45 प्रगणकों को जनगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर -सह- राजकीय मध्य विद्यालय चकिया उर्दू के प्रधानाध्यापक मुहम्मद फारूक अंसारी एवं मास्टर ट्रेनर नीरज राम ने विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने जनगणना में पूछे जाने वाले सभी 34 प्रश्नों पर गहन चर्चा करते हुए प्रगणकों को संभावित कठिनाइयों से निपटने के उपाय बताए। इस अवसर पर फारूक अंसारी ने कहा कि "देश के प्रत्येक नागरिक की गणना हमारी महती जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की चूक इस व्यापक अभियान को प्रभावित कर सकती है।" उन्होंने सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से अपील की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और निर्धारित नियमों के अनुरूप करें। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना आधुनिक तकनीक के तहत मोबाइल ऐप के माध्यम से की जा रही है। साथ ही नागरिक स्वयं भी पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों- निकहत अंजुम, फ़हमीदा खातून, अल्पना, जफीर सुब्हानी, राम पुकार साह, राजकिशोर कुमार एवं हफीजुर रहमान सहित अन्य ने प्रशिक्षण व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। वहीं, राजकीय मध्य विद्यालय कुआवां कन्या की शिक्षिका निकहत अंजुम एवं कुआवां उर्दू के शिक्षक जफीर सुब्हानी ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रोचक, ज्ञानवर्धक और उपयोगी रहा।

## शराब कांड में कार्रवाई तेज, दो गिरफ्तार; 606 बोतल नेपाली शराब बरामद

» कुंडवाचैनपुर थाना पुलिस की दो अलग-अलग कार्रवाई, बाइक भी जब्त

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में शराबबंदी कानून के सख्त अनुपालन को लेकर पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में कुंडवाचैनपुर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है तथा भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद की है। पहली कार्रवाई में कुंडवाचैनपुर थाना कांड संख्या-77/26 के नामजद अभियुक्त विक्की कुमार (पिता- अक्षय लाल महतो, निवासी- बकरीहारी, थाना- ढाका, जिला- पूर्वी चंपारण) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। वहीं दूसरी कार्रवाई में गुप्त सूचना के आधार पर मसौदा बाजार के समीप छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो मोटरसाइकिल के साथ 606 बोतल नेपाली शराब बरामद की, जिसकी कुल मात्रा 181.8 लीटर बताई जा रही है। मौके से एक अन्य अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य तस्करों की पहचान के लिए छानबीन जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि शराब तस्करी से संबंधित किसी भी सूचना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि इस अवैध गतिविधि पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## बेतिया में महिला सिपाही की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

» गौनाहा के सुपौली गांव की घटना, पति हिरासत में

बीएनएम @ बेतिया

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिले के गौनाहा प्रखंड अंतर्गत सहोदरा थाना क्षेत्र के सुपौली गांव में एक महिला सिपाही की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान पटना जिला बल में तैनात संकेशी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका के बड़े भाई दिनेश कुमार के अनुसार, संकेशी कुमारी ने 7 मार्च 2025 को परिवार की सहमति से प्रेम विवाह किया था और शादी के बाद ससुराल में रह रही थीं। 21 अप्रैल 2026 को वह अपनी छोटी बहन की शादी में शामिल होने मायके आई थीं। परिजनों का आरोप है कि शादी के अगले दिन सुबह करीब 7 बजे उनके पति सुजीत कुमार जबरन उन्हें वापस ससुराल ले गए। परिजनों के मुताबिक, उसी दिन शाम करीब 7 बजे उन्हें संकेशी की आत्महत्या की सूचना दी गई। जब परिवार ससुराल पहुंचा तो शव जमीन पर पड़ा था और गले पर दबाव के निशान दिखाई दे रहे थे, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने यह भी दावा किया है कि संकेशी चार माह की गर्भवती थीं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति सुजीत कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य आरोपित फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## तुरकौलिया में शराब तस्करी का खुलासा, महिला समेत चार गिरफ्तार

» टिकुलिया गांव के पास पुलिस की घेराबंदी, दो बाइक से 20 लीटर शराब बरामद

बीएनएम @ तुरकौलिया




**तुरकौलिया।** थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव के समीप पुलिस ने छापेमारी कर शराब तस्करी के मामले का खुलासा करते हुए एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बिजुलपुर जिरात निवासी छोटेलाल महतो, बबलू कुमार, रमेश कुमार तथा राजेश महतो की पत्नी मुन्नी देवी शामिल हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कौवाहा पुल से टिकुलिया जाने वाली सड़क पर दो बाइक पर सवार कुछ लोग शराब की तस्करी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए टिकुलिया गांव के पास घेराबंदी कर दी। पुलिस वाहन को देखते ही बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन जवानों ने पीछा कर सभी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान एक प्लेटिना बाइक की डिक्की से 8 लीटर तथा दूसरी हीरो बाइक पर सवार मुन्नी देवी के पिठ्ठु बैग से 12 लीटर शराब बरामद की गई। इस प्रकार कुल 20 लीटर शराब जब्त की गई है। थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ ही जब्त दोनों बाइकों का सत्यापन कराया जा रहा है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है और तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एटीएम बदलकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 7 एटीएम कार्ड व मोबाइल बरामद

• महम्मदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस की छापेमारी, टीम में शामिल पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका


**बीएनएम @ गोपालगंज।** महम्मदपुर थाना क्षेत्र में एटीएम बदलकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से विभिन्न बैंकों के 7 एटीएम कार्ड एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, 22 अप्रैल 2026 को महम्मदपुर स्थित सेंट्रल बैंक के एटीएम के पास एक व्यक्ति द्वारा कार्ड बदलकर ठगी करने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और स्थानीय लोगों के सहयोग से आरोपी को धर दबोचा। इस कार्रवाई में रवि कुमार (पिता- उमेश राम, ग्राम- भटाई, थाना- तरैया, जिला- सारण) को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 7 एटीएम कार्ड और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। छापेमारी टीम में महम्मदपुर थाना के पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर सक्रिय पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। (नोटः प्रेस विज्ञप्ति में छापेमारी दल के सभी सदस्यों के नाम का विस्तृत उल्लेख नहीं किया गया है।) इस संबंध में महम्मदपुर थाना कांड संख्या 158/26 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क एवं अन्य संलिप्त लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि एटीएम का उपयोग करते समय सतर्क रहें और किसी भी अंजान व्यक्ति को अपना कार्ड या पिन साझा न करें। संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### साइबर सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त



**बीएनएम @ सीतामढ़ीः** जिले में साइबर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रशासन ने मेहसौल स्थित राजोपट्टी अंसारी रोड क्षेत्र में मोबाइल रिपेयरिंग सेंटरों और साइबर कैफे का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कंप्यूटर सिस्टम, ब्राउजिंग हिस्ट्री, लॉग बुक और सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की। संचालकों को कड़े निर्देश दिए गए कि वे आगंतुकों का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज करें और सीसीटीवी सिस्टम को हमेशा सक्रिय रखें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है, क्योंकि इससे साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। भविष्य में भी इस तरह की निगरानी जारी रखने की चेतावनी दी गई है।

### नरकटियागंज में एसडीएम का औचक निरीक्षण



**बीएनएम @ बेतियाः** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के निर्देश पर प्रशासनिक सक्रियता बढ़ाते हुए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) ने गुरुवार को विभिन्न सरकारी व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस अभियान के तहत रामाकांत इंडेन गैस एजेंसी, कई जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों और हेल्थ केयर सेंटरों की गहन जांच की गई।निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसी में स्टॉक रजिस्टर और वितरण व्यवस्था को परखा गया, जबकि पीडीएस दुकानों पर राशन वितरण की पारदर्शिता और अनाज की मात्रा की पड़ताल की गई ताकि कार्डधारियों को उनका हक मिल सके। इसके साथ ही, स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों के इलाज की गुणवत्ता का जायजा लिया गया। एसडीएम ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रशासन का छापा, मानकों की हुई जांच



**बीएनएम @ बेतिया।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को पूरे जिले में सघन जांच अभियान चलाकर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मानकों की पड़ताल की। इस अभियान के तहत विभिन्न अस्पतालों, अल्ट्रासाउंड सेंटरों और नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अरबाज अल्ट्रासाउंड, लाइफ केयर पैथोलॉजी, भारती अल्ट्रासाउंड, महावीर हेल्थ केयर और आदर्श हॉस्पिटल सहित कई संस्थानों की स्थिति देखी गई। निरीक्षण में दो अस्पतालों में से एक मानक के अनुरूप मिला, जबकि दूसरे की समीक्षा की जा रही है। वहीं, दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच में एक संस्थान बंद पाया गया, जबकि दूसरा संतोषजनक रहा। इसके अतिरिक्त, दो नर्सिंग होम की जांच में एक के खिलाफ नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जबकि दूसरे को आवश्यक कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि स्वास्थ्य मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों पर सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

### 45 बोतल नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**बीएनएम @ सीतामढ़ी/पुपरीः** सीतामढ़ी जिले के पुपरी थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने 45 बोतल नेपाली देसी 'सोफी' शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान बेदौल ग्राम निवासी देवेन्द्र मुखिया (पिताः राधे मुखिया) के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, आरोपी अपनी साइकिल के जरिए अवैध रूप से शराब की ढुलाई और बिक्री कर रहा था। पुलिस ने मौके से शराब के साथ-साथ तस्करी में प्रयुक्त साइकिल को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। थाना पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शराब माफियाओं के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### 30 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**बीएनएम @ बैरियाः** श्रीनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के पुजहां पीपा पुल के समीप छापेमारी कर तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस को जानकारी मिली थी कि गंडक दियारा के रास्ते अवैध शराब की खेप लाई जा रही है। इसके बाद थानाध्यक्ष अमित कुमार पाल के नेतृत्व में टीम गठित कर इलाके की घेराबंदी की गई।छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से करीब 30.165 लीटर विदेशी शराब बरामद की। जब्त शराब में रॉयल स्ट्रांग 775 एमएल की 7 बोतलें तथा 8 पीएम 180 एमएल के 143 पीस शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान तीनों आरोपी रंगे हाथों पकड़े गए।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बाबूजान अंसारी और समशाद आलम, दोनों निवासी पुजहां वार्ड संख्या 10, तथा तीसरे आरोपी बाबू खा, निवासी पीपरपाती थाना जोगापट्टी के रूप में हुई है।

# सिवान में आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वालों पर कार्रवाई, 2 आरोपी गिरफ्तार

बीएनएम @ सिवान





सोशल मीडिया पर पुलिस कर्मियों से संबंधित एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में सिवान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 19 अप्रैल 2026 को असामाजिक तत्वों द्वारा एक आपत्तिजनक वीडियो तैयार कर उसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल किया गया था। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए साइबर थाना में मामला दर्ज किया गया और तकनीकी व वैज्ञानिक तरीके से जांच शुरू की गई। जांच के क्रम में पुलिस ने वीडियो बनाने और उसे प्रसारित करने में शामिल लोगों की पहचान कर ली। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों युवक खुनाथपुर थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अन्य आरोपियों की पहचान भी कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

पुलिस ने आम नागरिकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार के संवेदनशील या आपत्तिजनक वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा, प्रसारित या वायरल करना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में आईटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई में साइबर थाना, स्थानीय थाना पुलिस एवं जिला आसूचना इकाई की संयुक्त टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया के दुरुपयोग को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# पृथ्वी दिवस पर "प्रकृति प्रहरी" ई-पत्रिका का ऑनलाइन विमोचन, पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश

बीएनएम @ पटना/मुजफ्फरपुर

**पटना/मुजफ्फरपुर।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर टीचर्स ऑफ बिहार के तत्वावधान में त्रैमासिक ई-शैक्षिक पत्रिका "प्रकृति प्रहरी" का भव्य ऑनलाइन विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम 22 अप्रैल 2026 की रात 8 बजे फेसबुक लाइव के माध्यम से आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और पर्यावरण प्रेमी जुड़े। कार्यक्रम में भागलपुर प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक अहसन, शिक्षाविद् व पूर्व संयुक्त निदेशक (एससीईआरटी, पटना) डॉ. रश्मि प्रभा, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी महताब रहमानी तथा मुजफ्फरपुर के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुजीत कुमार दास बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने पत्रिका को पर्यावरण जागरूकता की दिशा में सराहनीय पहल बताया। पत्रिका के संपादक सरैया (मुजफ्फरपुर) स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोपालपुर नेउरा के शिक्षक अभिषेक कुमार हैं। सह-संपादक के रूप में बांका के शिक्षक सिद्धांत जी और मुजफ्फरपुर की शिक्षिका आराधना कुमारी ने योगदान दिया। इस पहल के मार्गदर्शक शिव कुमार (फाउंडर), टेक्निकल टीम लीडर शिवेंद्र प्रकाश सुमन और इवेंट लीडर केशव कुमार रहे। पत्रिका का संकलन व डिजाइन कुमार अभिषेक एवं उनकी टीम ने तैयार किया। इवेंट लीडर केशव कुमार ने कहा कि "प्रकृति प्रहरी" सिर्फ पत्रिका नहीं, बल्कि एक जन-जागरूकता अभियान है, जिसका लक्ष्य हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनाना है। इसमें "बिहार में गौरैया का महत्व एवं संरक्षण", "पेड़-पौधों की दुनिया", "इको क्लब फॉर मिशन लाइफ" समेत पुनर्चक्रण पर आधारित बच्चों की कहानियां और कई उपयोगी लेख शामिल हैं। प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार और मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि यह पत्रिका आने वाले समय में पर्यावरण शिक्षा और जन-जागरूकता को नई दिशा देगी।

# मांस-मछली विक्रेताओं को लाइसेंस बनवाने का निर्देश

बीएनएम @ बेतिया



**बेतियाः** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के निर्देश पर नगर पंचायत मच्छरगावाँ में अवैध रूप से संचालित दुकानों के विरुद्ध एक व्यापक जांच अभियान चलाया गया। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से मांस, मछली और मुर्गा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों को जांच के दायरे में रखा गया।अभियान के दौरान कुल 10 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें अधिकारियों ने दुकानदारों के व्यावसायिक दस्तावेजों की गहनता से पड़ताल की। जांच में पाया गया कि कई विक्रेताओं के पास अनिवार्य ट्रेड लाइसेंस उपलब्ध नहीं था, जिन्हें तत्काल लाइसेंस बनवाने का कड़ा निर्देश दिया गया। साथ ही, दुकानदारों को स्वच्छता मानकों का पालन करने और कचरा प्रबंधन के नियमों के प्रति सचेत किया गया।प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नगर क्षेत्र में बिना वैध लाइसेंस के किसी भी प्रकार का व्यवसाय संचालित करना गैर-कानूनी है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई और जब्ती अभियान जारी रहेगा। इस प्रशासनिक पहल का उद्देश्य क्षेत्र में व्यावसायिक व्यवस्था को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाना है।

# बेतिया में अतिक्रमण पर चला नगर निगम का डंडा

» स्टेशन चौक से सागर पोखरा तक हुई कार्रवाई

बीएनएम @ बेतिया




**बेतिया।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम बेतिया ने गुरुवार को व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह कार्रवाई स्टेशन चौक से शुरू होकर मुहर्रम चौक, कलेक्ट्रेट और सर्किट हाउस होते हुए सागर पोखरा तक चलाई गई। इस दौरान सड़क के किनारे किए गए अवैध और अस्थायी कब्जों को पूरी तरह हटा दिया गया।अभियान के तहत विशेष रूप से नो वेंडिंग जोन और नो पार्किंग जोन को लक्षित किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 30 स्थानों से अवैध ठेले, गुमटी और अन्य अस्थाई ढांचों को हटाया। नगर निगम के अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि यदि दोबारा सड़कों पर कब्जा किया गया, तो न केवल सामग्री जब्त की जाएगी, बल्कि कड़ी कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित होगी।प्रशासन का कहना है कि शहर को ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्त करने के लिए इस तरह के अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। इस पहल से आम जनता ने राहत की सांस ली है, क्योंकि मुख्य मार्गों पर आवागमन अब पहले से अधिक सुलभ होने की उम्मीद है।

# पृथ्वी दिवस पर "प्रकृति प्रहरी" ई-पत्रिका का ऑनलाइन विमोचन, पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश

बीएनएम @ पटना/मुजफ्फरपुर

**पटना/मुजफ्फरपुर।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर टीचर्स ऑफ बिहार के तत्वावधान में त्रैमासिक ई-शैक्षिक पत्रिका "प्रकृति प्रहरी" का भव्य ऑनलाइन विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम 22 अप्रैल 2026 की रात 8 बजे फेसबुक लाइव के माध्यम से आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और पर्यावरण प्रेमी जुड़े। कार्यक्रम में भागलपुर प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक अहसन, शिक्षाविद् व पूर्व संयुक्त निदेशक (एससीईआरटी, पटना) डॉ. रश्मि प्रभा, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी महताब रहमानी तथा मुजफ्फरपुर के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुजीत कुमार दास बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने पत्रिका को पर्यावरण जागरूकता की दिशा में सराहनीय पहल बताया। पत्रिका के संपादक सरैया (मुजफ्फरपुर) स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोपालपुर नेउरा के शिक्षक अभिषेक कुमार हैं। सह-संपादक के रूप में बांका के शिक्षक सिद्धांत जी और मुजफ्फरपुर की शिक्षिका आराधना कुमारी ने योगदान दिया।



इस पहल के मार्गदर्शक शिव कुमार (फाउंडर), टेक्निकल टीम लीडर शिवेंद्र प्रकाश सुमन और इवेंट लीडर केशव कुमार रहे। पत्रिका का संकलन व डिजाइन कुमार अभिषेक एवं उनकी टीम ने तैयार किया। इवेंट लीडर केशव कुमार ने कहा कि "प्रकृति प्रहरी" सिर्फ पत्रिका नहीं, बल्कि एक जन-जागरूकता अभियान है, जिसका लक्ष्य हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनाना है। इसमें "बिहार में गौरैया का महत्व एवं संरक्षण", "पेड़-पौधों की दुनिया", "इको क्लब फॉर मिशन लाइफ" समेत पुनर्चक्रण पर आधारित बच्चों की कहानियां और कई उपयोगी लेख शामिल हैं। प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार और मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि यह पत्रिका आने वाले समय में पर्यावरण शिक्षा और जन-जागरूकता को नई दिशा देगी।

# बिहार में विकास अब 'रिवर्स गियर' में चल रहा हैः रोहिणी आचार्य

रसोई गैस संकट और कोयले की राजनीति पर कड़ा प्रहार

बीएनएम @ पटना



**पटना** : बिहार की राजनीति में बयानबाजी का दौर एक बार फिर गर्म हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य ने राज्य सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि बिहार का विकास अब पीछे की ओर बढ़ रहा है। उनका यह बयान सरकार के उस निर्णय के बाद आया है, जिसमें रसोई गैस के संकट से निपटने के लिए जन वितरण प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं को कोयला उपलब्ध कराने की बात कही गई है। दरअसल, मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने वैकल्पिक ईंधन के तौर पर यह कदम उठाया है। इसी फैसले को आधार बनाकर रोहिणी आचार्य ने तंज कसा कि डबल इंजन की सरकार उलटी दिशा में दौड़ रही है, जहाँ जनता को गैस सिलेंडर के बदले अब कोयला थमाया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार के दावों पर भी प्रश्न चिह्न लगाते हुए इसे सरकार की विफलताओं को छिपाने की कोशिश करार दिया है। इस विवाद ने राज्य के राजनीतिक गलियारों में एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

# बगहा में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रशासन का कड़ा प्रहार

» भारी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री जब्त

बीएनएम @ बगहा (पश्चिम चंपारण)




**बगहा (पश्चिम चंपारण):** पर्यावरण संरक्षण और शहर की स्वच्छता को लेकर पश्चिम चंपारण जिला प्रशासन ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के कड़े निर्देश पर नगर परिषद की टीमों ने बगहा के मुख्य बाजारों में एक साथ छापेमारी की, जिससे दुकानदारों और व्यापारियों के बीच हड़कंप मच गया। इस सघन अभियान के दौरान शहर की सब्जी मंडियों, किराना दुकानों और फुटपाथ विक्रेताओं के पास से करीब 500 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई।अभियान के दौरान प्लास्टिक बैग, डिस्पोजेबल थाली, गिलास और चम्मच जैसे प्रतिबंधित सामानों को जब्त करते हुए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अब नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने घोषणा की है कि उल्लंघनकर्ताओं पर 2,000 रुपये से लेकर 25,000 रुपये तक का भारी जुर्माना लगाया जाएगा। नगर परिषद ने व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण को बचाने के लिए कपड़े के थैले और बायोडिग्रेडेबल विकल्पों को अपनाएं।प्रशासन इस अभियान को केवल जब्ती तक सीमित नहीं रखना चाहता। भविष्य में बाजारों की नियमित निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का सहारा लेने की योजना भी बनाई गई है। इसके साथ ही, लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न शिविर और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। जहाँ कुछ व्यापारियों ने इस कार्रवाई पर चिंता जताई है, वहीं स्थानीय नागरिकों ने इसे शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक साहसिक और जरूरी कदम बताया है। प्रशासन का लक्ष्य बगहा को पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त बनाना है।

# शराब और जुए के आरोप में दो शिक्षकों सहित 17 गिरफ्तार

» 7 लीटर महुआ शराब बरामद

बीएनएम @ खैरा






**खैरा** : जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब और जुआ के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बीती रात विशेष अभियान चलाया, जिसमें कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस अभियान के दौरान कर्णनवादा गांव से नशे की हालत में शिवम कुमार, सतीश कुमार तांती, पवन कुमार तांती, राज कुमार और विकास कुमार को पकड़ा गया, जबकि बल्लोपुर से उमेश शर्मा और खैरा क्षेत्र से लाजो मांझी की गिरफ्तारी हुई। इसी क्रम में जितझिगोंई गांव से भी नरेश कुमार, नितेश कुमार, बसंत मांझी और विकास कुमार को हिरासत में लिया गया है। इस कार्रवाई की सबसे बड़ी बात यह रही कि शराब पीकर जुआ खेलने के आरोप में पुलिस ने दो सरकारी शिक्षकों, शिव कुमार शर्मा (मध्य विद्यालय नोनियाटांड़) और संजय यादव (मध्य विद्यालय सिंगारपुर) सहित दीपक मिश्रा और पप्पू साव को भी दबोचा। इसके अतिरिक्त, खैरा निवासी छोटू मांझी को 7 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर शराब को जब्त कर लिया गया है। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से पूरे इलाके के असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।

## ईरान के इरादे अलग

संभवतः पाकिस्तान ने इस सोच के साथ मध्यस्थ बनना स्वीकार किया था कि अमेरिका की शर्तें ही वार्ता का आधार बनेंगी, जिन पर ले-देकर सहमति बन जाएगी। लेकिन ईरान के इरादे अलग हैं। वह आर-पार की लड़ाई के मूड में है। पश्चिम एशिया में युद्ध खत्म कराने के लिए पाकिस्तान की मध्यस्थता किसी नतीजे पर पहुंचती नहीं दिखती। अमेरिका की शर्तें उसने ईरान को बताई, मगर ईरान ने उसे ठुकराते हुए अपनी जवाबी मांग पाकिस्तान को बता दी। पाकिस्तान उस पर अमेरिका से बातचीत करने की हैसियत में है या नहीं, यह नहीं मालूम। मगर इस बीच उसने अपने यहां तीन अन्य देशों (सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये) के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की। समझा जाता है कि उसके नतीजों को लेकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशहाक डार बीजिंग गए। लेकिन वहां जारी साझा बयान से नहीं लगता कि चीन ने उसमें दिलचस्पी दिखाई है। साझा बयान में सामान्य भाषा का इस्तेमाल किया गया है। समझा जाता है कि पाकिस्तान ने चीन से आगे ईरान पर हमला ना होने की गारंटी करने की जिम्मेदारी लेने का अनुरोध किया। मगर फिलहाल चीन ने इस ठुकरा दिया है। दरअसल, पश्चिम एशिया में अमेरिकी अड्डे स्थायी रूप से हटाने, नुकसान का मुआवजा देने, और होरमुज जलडमरूमध्य पर ईरानी संप्रभुता को मान्यता देने की ईरान की मांगों पर कोई रजामंदी जब तक नहीं होती, आगे हमला ना होने की गारंटी कोई नहीं कर सकता। इन मांगों पर बातचीत से सहमति बनेगी, इसकी संभावना न्यूनतम है। अतः लड़ाई तुरंत खत्म होने की कोई सूरत नहीं है। बेशक, अमेरिका में बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर डॉनल्ड ट्रंप युद्ध से निकलने का रास्ता ढूंढ रहे हैं, मगर लड़ाई में इजराइल भी शामिल है। ईरान की जीत की धारणा को पुष्ट करते हुए युद्ध खत्म करने को शायद ही तैयार होगा। दरअसल, ऐसा हुआ तो इजराइल का अस्तित्व खतरे में पड़ता दिखेगा, जिसे अभी चार तरफ से (ईरान, हिज्बुल्लाह, हूती और इराक स्थित पीएमएफ) हमलों को झेलना पड़ रहा है। इसलिए, मध्यस्थता प्रयासों के फिलहाल सफल होने की संभावना कम है। चीन की कूटनीतिक प्रतिक्रिया इसी आकलन का संकेत देती है।
संभवतः पाकिस्तान ने इस सोच के साथ मध्यस्थ बनना स्वीकार किया था कि अमेरिका की शर्तें ही वार्ता का आधार बनेंगी, जिन पर ले-देकर सहमति बन जाएगी। लेकिन ईरान के इरादे अलग हैं। वह आर-पार की लड़ाई के मूड में है।

# न्यायपालिका बनाम विधायिका टकराव पर संवैधानिक प्रश्न

**सौरभ वार्ष्णेय**




दिल्ली की राजनीति में हाल में उभरा जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा बनाम दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विवाद एक बड़े संवैधानिक प्रश्न को जन्म देता है—क्या यह मामला सच में न्यायपालिका बनाम विधायिका का टकराव है, या फिर यह संस्थाओं के बीच संतुलन और जवाबदेही की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है? यह विवाद तब चर्चा में आया जब अदालत की टिप्पणियों और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं ने सार्वजनिक विमर्श को गर्मा दिया। अदालत ने शासन के कुछ निर्णयों और प्रक्रियाओं पर सवाल उठाए, जबकि राजनीतिक पक्ष ने इसे न्यायिक दखल के रूप में देखा। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा बनाम केजरीवाल विवाद को सीधे-सीधे न्यायपालिका बनाम विधायिका का टकराव कहना अतिशयोक्ति होगी। यह लोकतंत्र के भीतर चल रही वह स्वाभाविक प्रक्रिया है, जिसमें संस्थाएँ एक-दूसरे पर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखती हैं। असल चुनौती टकराव से बचना नहीं, बल्कि संवैधानिक संतुलन और गरिमा को बनाए रखना है—क्योंकि मजबूत लोकतंत्र वही है, जहाँ संस्थाएँ स्वतंत्र भी हों और जिम्मेदार भी।

भारतीय संविधान में तीनों स्तंभ—विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका—स्पष्ट रूप से अलग-अलग भूमिकाओं के साथ स्थापित किए गए हैं। न्यायपालिका का दायित्वः कानून की व्याख्या करना और यह सुनिश्चित करना कि सरकार संवैधानिक सीमाओं में काम करे। विधायिका का अधिकारः कानून बनाना और नीतियाँ तय करना। ऐसे में जब अदालत किसी सरकारी फैसले पर सवाल उठाती है, तो वह टकराव नहीं, बल्कि संवैधानिक जांच का हिस्सा होता है।

आखिरकार विवाद की असली जड़ क्या है? इस प्रकरण में मूल मुद्दा सीमा-निर्धारण का है। यदि न्यायपालिका नीति निर्माण में गहराई से हस्तक्षेप करे, तो विधायिका को अतिक्रमण महसूस हो सकता है। वहीं, यदि सरकार न्यायिक आदेशों या टिप्पणियों को नजरअंदाज करे, तो यह कानून के शासन को कमजोर कर सकता है। यानी, समस्या टकराव की नहीं, बल्कि संतुलन बनाए रखने की है।

लोकतंत्र के लिए क्या संकेत? यानी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह विवाद कुछ महत्वपूर्ण संकेत देता है। संस्थागत संवाद की आवश्यकताः टकराव की बजाय सहयोग और सम्मान जरूरी है। संवैधानिक मर्यादाः हर संस्था को अपनी सीमाओं का सम्मान करना होगा। ोकतांत्रिक परिपक्वताः सार्वजनिक बयानबाजी के बजाय कानूनी प्रक्रियाओं पर भरोसा बढ़ाना चाहिए।

जस्टिस पर की टिप्पणी—क्या यह उचित है?

भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका और राजनीति के बीच संतुलन बेहद संवेदनशील विषय है। हाल ही में अरविंद केजरीवाल द्वारा जस्टिस पर की गई टिप्पणी ने इसी संतुलन को लेकर बहस छेड़ दी है। सवाल यह है कि क्या किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा न्यायाधीशों पर सार्वजनिक टिप्पणी करना उचित है? पहली बात, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का मूल स्तंभ है। एक राजनेता होने के नाते केजरीवाल को अपनी बात रखने का अधिकार है। लेकिन यह अधिकार पूर्ण नहीं है—इसके साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। जब टिप्पणी न्यायपालिका जैसे संवैधानिक संस्थान पर हो, तो शब्दों का चयन और मर्यादा दोनों अहम हो जाते हैं।दूसरी ओर, न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र की रीढ़ मानी जाती है। यदि राजनीतिक नेता न्यायाधीशों के फैसलों या व्यक्तित्व पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाने लगें, तो इससे जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। यह स्थिति न्यायपालिका की निष्पक्षता पर अनावश्यक संदेह पैदा कर सकती है।हालांकि, यह भी सच है कि न्यायपालिका आलोचना से परे नहीं है। स्वस्थ लोकतंत्र में हर संस्था की समीक्षा होनी चाहिए। लेकिन यह समीक्षा तथ्यों, तर्क और संवैधानिक मर्यादा के दायरे में होनी चाहिए—न कि व्यक्तिगत या भावनात्मक आरोपों के रूप में।इस पूरे विवाद में मूल प्रश्न संतुलन का है—क्या आलोचना संस्थागत सुधार के लिए है, या राजनीतिक लाभ के लिए? अगर उद्देश्य सुधार है, तो भाषा और मंच दोनों संयमित होने चाहिए। केजरीवाल की टिप्पणी को केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चश्मे से नहीं, बल्कि संवैधानिक जिम्मेदारी के पैमाने पर भी परखा जाना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि संस्थाएं एक-दूसरे का सम्मान करते हुए जवाबदेही निभाएं।

**जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को केस से हटाने वाली याचिका खारिजः** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों द्वारा दायर उन अर्जियों को खारिज किया, जिनमें शराब नीति मामले की सुनवाई से जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के हटने की मांग की गई थी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने टिप्पणी की कि सिर्फ इसलिए कि उनके बच्चे केंद्र सरकार के पैनल वकील हैं, यह नहीं माना जा सकता कि उनके मन में केजरीवाल के प्रति कोई पूर्वाग्रह है। जज ने आगे कहा कि किसी राजनेता को न्यायिक क्षमता का आकलन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

किसी जज की क्षमता का फैसला हाईकोर्ट करता है, न कि कोई वादी। किसी राजनेता को अपनी सीमा पार करने और न्यायिक क्षमता का आकलन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, हो सकता है कि कोई वादी हमेशा सफल न हो, और केवल हाईकोर्ट ही यह तय कर सकता है कि कोई फैसला गलत है या एकतरफा। जिला कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट सही ठहरा सकता है। यही बात हाईकोर्ट पर भी लागू होती है, जिसके फैसले को सुप्रीम कोर्ट देखता है। वादी की यह सामान्य आशंका कि शायद यह अदालत उसे राहत न दे, जज पर पूर्वाग्रह का आरोप लगाने का आधार नहीं बन सकती। जस्टिस शर्मा ने आगे कहा कि आरोपों का सामना होने पर कोई जज अपनी न्यायिक जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकता।

उन्होंने कहा, कोई जज किसी वादी के मन में पूर्वाग्रह को लेकर पैदा हुए बेबुनियाद शक को दूर करने या मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर सुनवाई से खुद को अलग नहीं कर सकता... जज पर किए गए निजी हमले असल में पूरी संस्था पर किए गए हमले होते हैं... यह न केवल मुझ पर (जो कि एक जज हूं) हमला होगा, बल्कि पूरी संस्था पर भी हमला होगा। इस तरह का खतरा न केवल हाईकोर्टस् तक पहुंचेगा, बल्कि जिला कोर्ट तक भी जाएगा... अगर यह अदालत सुनवाई से हटने का फैसला सुनाकर यह संदेश देती है कि किसी वादी के दबाव में आकर वह ऐसा कर सकती है तो इससे जनता के मन में यह धारणा बन जाएगी कि जज किसी राजनीतिक दल के पक्ष में काम करते हैं...

जज ने आगे कहा कि सुनवाई से हटने की अर्जियों में जो कहानी गढ़ी गई, वह पूरी तरह से अटकलों पर आधारित पाई गई। इसके अलावा, सुनवाई से हटने की अर्जी के साथ कोई सबूत पेश नहीं किया गया, बल्कि उसमें जज की ईमानदारी और निष्पक्षता पर आक्षेप, इशारे और संदेह ही व्यक्त किए गए।उन्होंने कहा, अगर मैं इन अर्जियों को मान लेती तो इससे एक परेशान करने वाली मिसाल कायम हो जाती। अब यह मेरा पक्का फ़ज़्र् बन जाता है कि मैं इसका बेखौफ़ होकर जवाब दूं। बदकिस्मती से आज मुझे दो मुक़दमेबाज़ों के बीच का झगड़ा नहीं, बल्कि एक मुक़दमेबाज़ और मेरे—एक जज—के बीच का झगड़ा सुलझाना है। इस अदालत के सामने जो दलीलें पेश की गईं, वे खुद को केस से अलग करने के कानून के तहत ज़रूरी सबूतों से कमज़ोर साबित हुईं। कोई भी जज, किसी मुक़दमेबाज़ के मन में पक्षपात को लेकर पैदा हुए बेबुनियाद शक को दूर करने के लिए, या मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर खुद को केस से अलग नहीं कर सकता... यह अदालत अपने और इस संस्था के सम्मान के लिए खड़ी रहेगी, भले ही यह मुश्किल क्यों न लगे। इस अदालत ने जो चोगा पहना है, वह इतना हल्का नहीं है। अगर ऐसे आधारों पर खुद को केस से अलग करने की बात मान ली जाती है तो इससे हमारी न्याय प्रक्रिया पर खतरा पैदा हो जाएगा। तब इसे मैनेज्ड जस्टिस (प्रबंधित न्याय) कहा जाएगा।अब इस मुख्य मामले की सुनवाई 29 और 30 अप्रैल को होगी, जिसमें सीबीआई अपनी दलीलें पेश करेगी। उसके बाद अदालत प्रतिवादियों की बात सुनेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, राजनीतिक विधि विचारक है।)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# क्यों सुसाइड कर रहे हैं एनआइटी के होनहार?

**मनोज कुमार अग्रवाल**

देश के प्रतिष्ठित कुरुक्षेत्र स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में द्वितीय वर्ष की एक छात्रा अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाई गई, जिससे पिछले दो महीनों में परिसर में संदिग्ध छात्र मृत्यु का यह चौथा मामला सामने आया है।एनआईटी कुरुक्षेत्र में एक और छात्रा की आत्महत्या! यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि सिस्टम की गंभीर विफलता का संकेत है।एनआइटी में प्रवेश पाने के लिए छात्र छात्राओं द्वारा कठोर परिश्रम कर पढ़ाई कर प्रवेश परीक्षा पास कर तकनीकी शिक्षा लेने का सपना पूरा करने का मौका बिरले छात्रों को मिल पाता है लेकिन जब ऐसे होनहार छात्र छात्राओं द्वारा मौत को गले लगाने का सिलसिला चलता है तो इस संस्थान के माहौल पर भी सवालिया निशान लगता है। लगातार हो रही ऐसी घटनाएँ बताती हैं कि छात्रों का मानसिक दबाव, संस्थागत संवेदनहीनता और सपोर्ट सिस्टम की कमी अब खतरनाक स्तर पर पहुँच चुकी है।सरकार और प्रशासन कब जागेंगे ?

गुरुवार 16 अप्रैल, 2026 को जब दीक्षा दुबे ने अपने दोस्तों के फोन का जवाब नहीं दिया, तो वे उसके कमरे में पहुँचे और कमरा अंदर से बंद पाया। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीमें दोपहर करीब 3 बजे मौके पर पहुँचीं और दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो वह मृत पाई गईं," उन्होंने बताया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी सिविल अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के पीछे का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। आगे की कार्यवाही जांच के निष्कर्षों और परिवार के बयानों पर निर्भर करेगी। फरवरी से अब तक एनआईटी कुरुक्षेत्र में यह चौथा मामला दर्ज किया गया है।

आपको बता दें 16 फरवरी को तेलंगाना निवासी अंगोद शिव (19) अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाए गए। प्रथम सेमेस्टर के छात्र अंगोद शिव संस्थान में कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग (सीएसई) की डिग्री हासिल कर रहे थे। नूह के एक अन्य छात्र ने 31 मार्च को एनआईटी कुरुक्षेत्र में आत्महत्या कर ली। तीसरी संदिग्ध मौत की सूचना 8 अप्रैल को मिली, जब हरियाणा के सिरसा निवासी प्रियांशु शर्मा अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाए गए। वह सिविल इंजीनियरिंग विभाग में बीटेक के तीसरे वर्ष के छात्र थे। हाल ही में 16 अप्रेल बिहार की रहने वाली 19 वर्षीय बीटेक छात्रा दीक्षा दुबे ने बृहस्पतिवार को कथित तौर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद यह समिति गठित की गई है।

छात्रा की मृत्यु के बाद परिसर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। दीक्षा दुबे की मृत्यु पिछले दो महीनों में परिसर में हुई इस तरह की चौथी घटना थी। इतना ही नहीं 18 अप्रैल शनिवार देर रात करीब 12 बजे कल्पना छात्रावास में एक छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया



लेकिन मौके पर मौजूद अन्य छात्रों ने समय रहते उसे बचा लिया। बताया जा रहा है कि छात्रा ने एक मैसेज में लिखा था।।।मेरी जिंदगी का कोई मतलब नहीं। इस घटना के बाद कैंपस में तनाव और बढ़ गया।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के कार्यवाहक निदेशक ब्रह्मजीत ने बताया कि प्रशासन ने छात्रों द्वारा उठाई गई कई मांगों को स्वीकार कर लिया है। इन संदिग्ध मौतों के चलते कैंपस में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र देर रात मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि छात्रावास के कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों का व्यवहार संतोषजनक नहीं था और उन्होंने स्थिति से निपटने के तरीके पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने घटना के सामने आने के बाद प्रतिक्रिया में लगने वाले समय पर भी सवाल उठाया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र ने परिसर में हाल में छात्रों के आत्महत्या के मामलों की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। साथ ही छात्रों की समस्याओं की जांच के लिए तीन अलग-अलग समितियां भी बनाई हैं। जांच समिति इस मुद्दे पर छात्रों, प्रोफेसर, वार्डन और अन्य कर्मचारियों के साथ बातचीत करेगी। एनआईटी के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर ज्ञान भूषण ने रविवार को कहा कि परिसर में हाल में हुई आत्महत्या की घटनाओं की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। समिति की अध्यक्षता छात्र कल्याण विभाग की डीन प्रोफेसर लिली दीवान कर रही हैं और इसमें प्रोफेसर जे।के। कपूर, प्रोफेसर प्रवीण अग्रवाल, डॉ। संदीप सिंघल और डॉ। मनोज सिन्हा शामिल हैं। पुलिस ने बताया था कि दुबे की कथित आत्महत्या के बाद शुक्रवार रात को बीटेक प्रथम वर्ष की एक अन्य छात्रा ने भी कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था। मूल रूप से महाराष्ट्र की निवासी छात्रा ने कथित तौर पर धमकी दी और छात्रावास की इमारत से कूदने की कोशिश की, लेकिन उसके सहपाठियों ने उसे रोक लिया। संस्थान में मौजूदा स्थिति को देखते हुए और सभी छात्रों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्रों के लिए अगले आदेश तक अवकाश रहेगा। एनआईटी प्रशासन की ओर से जारी एक नोटिस के अनुसार, उन्हें 19 अप्रैल तक अपने छात्रावास खाली करने होंगे। छात्रावासों में रह रहे लगभग 5,300 छात्रों में से 2,500 से अधिक छात्रों ने संस्थान के नोटिस के बाद शनिवार तक अपने कमरे खाली कर दिए। दूरदराज के राज्यों से आने वाले छात्रों के लिए स्थिति विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण रही है। प्रशासन ने कहा कि प्रायोगिक परीक्षाओं समेत संशोधित परीक्षा कार्यक्रम की सूचना उचित समय पर दी जाएगी। छात्रों को परीक्षा शुरू होने से काफी पहले सूचित कर दिया जाएगा। हालांकि छात्रों का आरोप है कि पहले बनी जांच कमेटी ने भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया। कुछ छात्रों ने यह भी कहा कि उन्हें मानसिक दबाव और परेशान किया जा रहा है। उनका दावा है कि एक प्रोफेसर ने यहां तक कह दिया कि "अगर सुसाइड करना है तो कैंपस के बाहर करो।" इन आरोपों ने मामले को और गंभीर बना दिया है।

इधर, बढ़ते विवाद के बीच एनआईटी प्रशासन ने 17 अप्रैल से 4 मई तक छुट्टियां घोषित कर दी हैं। छात्रों को हॉस्टल खाली करने का नोटिस दिया गया है और कई छात्र अपना सामान पैक कर घर लौटते नजर आ रहे हैं। इस पर भी छात्रों ने नाराजगी जताई है और कहा है कि उन्हें जबरदस्ती घर भेजकर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। सवाल उठता है कि एक प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान में ऐसी क्या गड़बड़ी है कि भविष्य संवारने के लिए आए होनहार छात्र छात्राओं को सुसाइड करने की मजबूरी आन पड़ी है? इस के पीछे क्या संस्थान के शिक्षक प्रबंधन प्रशासन की कोई गड़बड़ी जिम्मेदार है या छात्रों के बीच में ही शेरों की खाल में कोई सियार छिपे हुए हैं और छात्र छात्राओं के साथ कोई अनैतिकता या अमानवीयता कर उन्हें सुसाइड करने के लिए मजबूर किया जा रहा है? की बार नशे के सौदागर और साइबर ठगी या निवेश के जाल मे फंसा कर ब्लेक मेल करने वाले गिरोह भी ऐसे वारदातों के पीछे जिम्मेदार हो सकते हैं। क्या वजह है कि सरकार ने एक के बाद एक हो रही सुसाइड की वारदातों को गंभीरता से नहीं लिया आखिर कब तक हमारे उच्च शिक्षा संस्थान होनहार बच्चों के सपनों को रौंद कर उनके जीवन से खिलवाड़ करते रहेंगे। जो भी हो इन सुसाइड मामलों की गंभीरता से जांच करानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं)




**मेष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बिजनेस के लेन-देन में ख्याल रखें, पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख लें। इस राशि की जो महिलाएं उद्योग शुरू करना चाहती हैं उनको परिवार से पूरा सपोर्ट मिलेगा। आपकी बातों से किसी की भावनाओं को ठेस न पहुचे इस बात का ख़ास ख्याल रखेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का रुका हुआ काम आज कम्पलीट हो जाएगा, आप काम के नए टारगेट बनायेंगे। होल-सेल का व्यापार कर रहे लोगों को आज अधिक मुनाफा होगा। जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं उनको काम का अच्छा ऑफर मिल सकता है।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से बातचीत करेंगे। आज अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाए विनम्रता से समझाएंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। माताएं अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम भी उठा सकती हैं। आज आप फालतू के खर्चों को कम करके बचत करने के बारे में विचार करेंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। दूर दराज के लोगों से संपर्क बनाकर बिजनेस करना लाभकारी रहेगा, आपके जीवनसाथी का साथ और प्यार आपके दांपत्य जीवन को मजबूत करेगा। इस राशि के जो वकील हैं आज किसी पुराने केस में जीत मिलेगी और साथ ही नया केस भी मिल सकता है। पिछले कई दिनों से रुका हुआ काम आज शुरू करने से आपको सफलता मिलेगी।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। इस राशि कि जो लोग संगीत के क्षेत्र में रुझान रखते हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है, फिल्म इंडस्ट्री से ऑफर भी आ सकता है। किसी करीबी रिश्तेदार के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। छात्र आज अपने करियर को लेकर गुरु से परामर्श लेंगे तो समस्या का समाधान हो जाएगा। आज कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप नया वाहन लेने का मन बनायेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक मामलों में आज आपकी सलाह कारगर साबित होगी। आप जिस भी काम को करेंगे वह काम निश्चित रूप से पूरा हो जाएगा। समाज में आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जाएंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अन्य दिनों की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आपका पढ़ाई लिखाई पर ध्यान केंद्रित रहेगा, जल्द ही आपकी सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला राशिः** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज ऑफिस के काम से आपकी यात्रा हो सकती है, यह यात्रा आपके लिए लाभदायक साबित होगी, इस यात्रा के दौरान आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिसकी बातों से आपको नई सीख मिलेगी। इस राशि के जो स्टूडेंट हैं उनको एग्जाम से रिलेटेड अच्छा समाचार मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है कहीं घूमने का प्लान बन सकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन मिला–जुला अनुभव देने वाला रहेगा। आपका काम जो बहुत दिन से रुका हुआ था वो आज पूरा हो जाएगा। इस काम में आपको जीवनसाथी का भी सहयोग मिल सकता है। इस राशि के जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं उनको ज्यादा लाभ के योग हैं। आज अचानक किसी अतिथि के आने से घर में उल्लास का माहौल बन जायेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आया है। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनको ज्यादा प्रसिद्धि मिलेगी। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में जायेंगे, जहां पर लोगों पर आपकी बातो से अच्छा इंप्रेशन पड़ेगा। आज आप परिवार के सदस्यों की जरूरतों को पूरा करने में कामयाब होंगे। आपका सम्मान बढ़ जाएगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आज रुका पैसा आपको मिल जाएगा। इससे आपको अपने खर्चों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस राशि के जो लोग आर्किटेक के क्षेत्र से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन कुछ सीखने का है। आज आपके पास आराम के लिए कम समय रहेगा क्योंकि पहलें के टाले काम को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

**कुम्भ राशिः** आज आपका का दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप किसी धार्मिक समारोह मे शामिल होंगे, आपके द्वारा समाज में किए गए कार्यों से आपका सम्मान बढ़ेगा इससे आपको गर्व होगा। इस राशि की जो महिलाएं वर्क फ्रॉम होम करना चाहती हैं उनके लिए आज का दिन शुभ है, आपको जल्द ही अच्छा लाभ मिलेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहद ख़ास पल लेकर आया है। आज आप किसी योजनाके बारे में अपने उच्चाधिकारी से बात करेंगे,आपकी जो भी समस्या है उसका सॉल्यूशन मिल जाएगा। आज दोस्तों के साथ अपने रवैए पर कंट्रोल करने की जरूरत है।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस और 73वाँ संविधान संशोधन : ग्रामीण लोकतंत्र की सुदृढ़ नींव

**सुनील कुमार महला**

हमारा देश गांवों का देश है और गाँव स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन इसलिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि 24 अप्रैल 1993 को भारत में 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम लागू हुआ था, जिसके माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। यहां पाठकों को जानकारी देता चलूं कि यद्यपि यह संशोधन भारतीय संसद द्वारा वर्ष 1992 में पारित किया गया था, परंतु इसे 24 अप्रैल 1993 से प्रभावी किया गया। यही कारण है कि यह तिथि भारतीय ग्रामीण लोकतंत्र के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। वास्तव में, 73वाँ संविधान संशोधन भारतीय संविधान में किया गया एक ऐतिहासिक, नायाब और दूरदर्शी संशोधन था। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस संशोधन ने ग्रामीण स्वशासन की वास्तविक नींव रखी। इस संशोधन के बाद राज्य सरकारों के लिए पंचायती राज व्यवस्था को लागू करना संवैधानिक रूप से अनिवार्य हो गया। इसके माध्यम से संविधान में भाग-IX जोड़ा गया, जिसमें पंचायतों से संबंधित प्रावधान सम्मिलित किए गए। साथ ही, इसमें 11वीं अनुसूची भी जोड़ी गई, जिसमें पंचायतों को सौंपे जाने वाले 29 विषयों का उल्लेख किया गया। इस संशोधन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन को मजबूत करना, लोकतंत्र को गाँव-गाँव तक पहुँचाना तथा जनता की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करना था। इसके अंतर्गत पूरे देश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई, जिसमें क्रमशः ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत, मध्यवर्ती/ब्लॉक स्तर पर पंचायत समिति तथा जिला स्तर पर जिला परिषद शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-ब के अनुसार प्रत्येक राज्य में इन तीन स्तरों पर पंचायतों के गठन का प्रावधान किया गया। हालांकि, जिन राज्यों की जनसंख्या 20 लाख से कम है, वहाँ मध्यवर्ती (ब्लॉक) स्तर पर पंचायत बनाना अनिवार्य नहीं है। पाठक जानते होंगे कि पंचायतों के सदस्यों के चुनाव प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा किए जाते हैं। ग्राम, मध्यवर्ती और जिला स्तर के निर्वाचित सदस्यों का चयन सीधे मतदाताओं द्वारा होता है, जबकि मध्यवर्ती एवं जिला स्तर के अध्यक्षों का चुनाव निर्वाचित सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से किया जाता है। पंचायत चुनावों के संचालन हेतु प्रत्येक राज्य में राज्य निर्वाचन आयोग की स्थापना का प्रावधान किया गया। इतना ही नहीं, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-इ के अनुसार प्रत्येक पंचायत का कार्यकाल 5 वर्ष निर्धारित किया गया है, यदि उसे पूर्व में भंग न किया जाए। इससे पंचायतों को स्थायित्व और निरंतरता प्राप्त हुई।इस संशोधन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक सामाजिक न्याय और समावेशिता है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) तथा महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया। महिलाओं को पंचायतों में प्रतिनिधित्व मिलने से ग्रामीण नेतृत्व में व्यापक परिवर्तन आया और महिला सशक्तीकरण को नई दिशा व उन्नयन मिला। इतना ही नहीं, पंचायतों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए प्रत्येक राज्य में राज्य वित्त आयोग गठित करने का प्रावधान किया गया, जो पंचायतों को वित्तीय संसाधनों के वितरण पर सुझाव देता है।बहुत कम लोग जानते होंगे कि इस संशोधन के तहत अनुच्छेद 243-O भी जोड़ा गया, जिसके अनुसार पंचायत चुनावों से संबंधित परिसीमन या सीटों के आवंटन को किसी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। चुनाव संबंधी विवादों का निपटारा केवल राज्य विधानमंडल द्वारा निर्धारित प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा। इससे चुनाव प्रक्रिया में अनावश्यक न्यायिक हस्तक्षेप कम हुआ।एक उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि जहाँ विधायक या सांसद बनने के लिए न्यूनतम आयु 25 वर्ष निर्धारित है, वहीं अनुच्छेद 243-एफ के अंतर्गत पंचायत चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष रखी गई है। इससे युवाओं को कम आयु में नेतृत्व और जनसेवा का अवसर प्राप्त हुआ। बहरहाल, यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि यह अधिनियम कुछ विशेष क्षेत्रों में स्वतः लागू नहीं होता है। इनमें नागालैंड, मेघालय, मिजोरम, अनुसूचित एवं जनजातीय क्षेत्र, मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्र, तथा पश्चिम बंगाल का दार्जिलिंग जिला (दार्जिलिंग गोरखा हिल काउंसिल क्षेत्र) शामिल हैं। हालांकि, यह बात अलग है कि भारतीय संसद आवश्यकतानुसार अपवादों और संशोधनों के साथ इन क्षेत्रों में भी इसके प्रावधान लागू कर सकती है। निष्कर्षतः, यहां यह बात कही जा सकती है कि 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र(इंडियन डेमोक्रेसी) को जमीनी स्तर तक सुदृढ़ करने वाला ऐतिहासिक कदम सिद्ध हुआ। इसने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर ग्रामीण जनता की भागीदारी सुनिश्चित की, सामाजिक समावेशिता को बढ़ावा दिया तथा गाँवों को अपने विकास के निर्णय लेने का अधिकार प्रदान किया।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# विश्व कप फुटबॉल में ईरान की जगह इटली को शामिल करें : जम्पोली

एजेंसी, वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक विशेष दूत पाओलो जम्पोली ने विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) से कहा है कि वह जून में होने वाले विश्व कप में ईरान की जगह इटली को शामिल करें। माना जा रहा है कि हाल में जिस प्रकार से इटली के साथ अमेरिका के संबंध खराब हुए हैं। उसको देखते हुए ही जम्पोली ने इस प्रकार का बयान दिया है जिससे की इटली सरकार की नाराजगी दूर हो सके।

जम्पोली ने कहा कि उन्होंने ट्रंप और फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो दोनों को सुझाव दिया है कि विश्व कप में ईरान की जगह पर इटली को अवसर दिया जाना चाहिये क्योंकि वह कई बार विजेता रही है। जम्पोली ने कहा, मैं इटली का रहने वाला हूं, और अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में इटली की राष्ट्रीय टीम को देखते हुए देखना चाहता हूं। इटली ने चार विश्व कप खिताब जीते हैं और ऐसे में वह इस टूर्नामेंट में शामिल के लिए ईरान से कहीं बेहतर और योग्य है, इसके साथ ही उसका रिकार्ड भी काफी अच्छा है। फीफा हालांकि इटली को शामिल नहीं कर सकता है, क्योंकि वह विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी है। इटली प्ले-ऑफ में बोस्निया और हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रही थी। यह किसी पूर्व विश्व चैंपियन के लिए एक अजीब स्थिति है।

वहीं ईरान ने लगातार चौथी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है पर जिस प्रकार से उसका अमेरिका और इजरालय से संघर्ष चल रहा है। उसको देखते हुए उसके संयुक्त रुप से अमेरिका और मैक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्वकप में खेलने की उम्मीद नहीं है। ईरान ने और युद्ध शुरू होने के बाद से ही फीफा से अपनी टीम के तीन ग्रुप मैचों को अमेरिका से हटाकर मेक्सिको में स्थानांतरित करने का अनुरोध भी किया था जिससे ठुकरा दिया गया है। इससे पहले, जब फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ट्रंप से मिले थे, तो उन्होंने कहा था कि ईरान को 2026 विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए रोका नहीं जाएगा। दूसरी ओर ईरान के खेल मंत्री अहमद डोनयामाली ने कहा थ किया कि अमेरिका और इजरायल द्वारा देश पर हवाई हमलों के बाद ईरान 2026 विश्व कप में हिस्सा नहीं ले सकता।इसके बाद ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा था कि ईरान टीम का विश्व कप में स्वागत है पर उनकी सुरक्षा की गारंटी नीं दी जा सकती। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा।

## जहीर बोले, पहले टी20 टीम में जगह पक्की करने पर ध्यान दें श्रेयस

एजेंसी, मुम्बई



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स की कप्तानी कर रहे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के सितारे इस समय बुलंद हैं। उनका बल्ला जमकर चल रहा है। वहीं टीम लगातार जीत के साथ ही आईपीएल अंकतालिका में नंबर एक पर बनी हुई है। ऐसे में प्रशंसकों की ओर से ये मांग हो रही है कि श्रेयस को टी20 प्रारुप में भी भारतीय टीम की कप्तानी देनी चाहिये। हैं। वहीं पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान ने कहा है कि श्रेयस को फिलहाल कप्तानी के बारे में सोचने की जगह पर पहले भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की करने पर ध्यान देना चाहिए। जहीर के अनुसार, पहले टीम में जगह बनाना जरूरी है, कप्तानी अपने आप आ सकती है।

जहीर ने अय्यर को अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन पर निरंतर ध्यान बनाए रखने की सलाह दी। उनके अनुसार, अगर अय्यर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते रहते हैं और टीम में अपनी स्थिति को मजबूत करते हैं, तो भविष्य में कप्तानी के लिए वह एक स्वाभाविक और मजबूत दावेदार बन जाएंगे। इसका कारण है कि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है और व्यक्तिगत प्रदर्शन का उच्च स्तर बनाए रखना किसी भी बड़े अवसर का मार्ग प्रशस्त करता है। जहीर ने इस युवा बल्लेबाज की सराहना करते हुए माना है कि उन्होंने अपनी टीम के लिए लगातार रन बनाए हैं और टीम की सफलता में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अय्यर ने पिछले सत्र में भी 600 से अधिक रन बनाये थे।

वहीं इस सत्र में अब तक के 6 मैचों में उन्होंने 200 से अधिक रन बनाये हैं1 अय्यर सिर्फ अपनी बल्लेबाजी के साथ हीकुशल कप्तानी से भी लगातार छाये हुए हैं। वह आईपीएल इतिहास के उन चुनिंदा कप्तानों में से एक हैं जिन्होंने तीन अलग-अलग टीमों को फाइनल तक पहुंचाया है। ऐसे में कई लोग उन्हें भविष्य के भारतीय कप्तान के रूप में भी देख रहे हैं, जो उनकी ऑलराउंड क्षमता का परिचायक है। हालांकि, यह राह आसान नहीं है, क्योंकि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने हाल के दिनों में प्रभावशाली सफलताएं हासिल की हैं, जिससे टी20 प्रारूप में कप्तानी के लिए प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी हो गई है।

## सीनियर टीम से विश्वकप खेलना है वैभव का सपना

एजेंसी, मुम्बई



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स की ओर से शानदार प्रदर्शन कर रहे 15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का लक्ष्य सीनियर टीम से विश्कप खेलना है। वैभव ने पिछले माह अपना 15वां जन्मदिन मनाया और इसी के साथ वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए योग्य हो गए हैं। उन्हें आईपीएल के बाद जून में आयरलैंड के खिलाफ आईपीएल के बाद खेली जाने वाली सीरीज में चयनकर्ता अवसर दे सकते हैं। वैभव का कहना है कि उन्हें आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी पसंद है। उनका कहना है कि वह हावी होकर खेलना चाहते हैं जिससे कि जब तक वो मैदान पर रहें विरोधी टीम पर दबाव बना रहे। उनका लक्ष्य प्रभावशाली प्रदर्शन कर मैच जीतना है। इसलिए जब तक वह क्रीज पर रहेंगे, तब तक वह दबदबा बनाए रखेंगे और उन्हें भरोसा है कि इस प्रकार से मैच विपक्षी टीम से छीन लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी मुझे सीनियर टीम से विश्वप कप खेलना है। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह सीनियरों के लिए खेले और देश के जीत दिलाए। मेरा भी यही लक्ष्य है।" अब तक वैभव ने आईपीएल 2026 में छह पारियों में 246 रन बनाए हैं. जिसमें दो अर्धशतक और 78 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है। उनका औसत 41 है और स्ट्राइक रेट 236.54 है। कुल मिलाकर आईपीएल में उन्होंने 13 मैचों में 498 रन बनाए हैं।

## अभिषेक में हैं खास प्रतिभा : पुजारा

एजेंसी, मुम्बई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। पुजारा का मानना है कि अभिषेक में एक अलग तरह की प्रतिभा है जो उन्हें खास बनाती है। साथ ही कहा कि जिस प्रकार से उन्होंने अब तक के मैचों में बल्लेबाजी की है। उससे ये साबित होता है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी अभिषेक ने जिस प्रकार से बल्लेबाजी की उससे सभी हैरान हैं। पुजारा ने कहा कि अभिषेक अपने खेल से टीम को जीत दिलाते हैं। पुजारा ने अभिषेक के दूसरे आईपीएल शतक और इस सत्र के उनके पहले शतक की जमकर तारीफ की। पुजारा ने कहा कि यह बल्लेबाज़ किस आसानी और सहजता से बड़े स्कोर खड़ा करता है। उन्होंने कहा, अभिषेक ने शानदार पारी खेली और अपना दूसरा आईपीएल शतक और इस सत्र का पहला शतक बनाया। वह शतक बनाना आसान बना देते हैं। पुजारा ने कहा कि अभिषेक का योगदान टीम के बेहद महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि उनके प्रदर्शन अक्सर टीम के लिए जीत की राह बनाते हैं।

## अफगानिस्तान के खिलाफ मिल सकता है अकिब सहित कई युवा खिलाड़ियों को अवसर

एजेंसी, मुम्बई



घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज अकिब नबी,हर्ष दुबे, गुरनूर बराड़ सहित युवा खिलाड़ियों को जून में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच में अवसर मिल सकता है। इसका कारण है कि चयनकर्ता भारतीय टीम के आगे के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को देखते हुए। इस मैच के लिए अनुभवी खिलाड़ियों को आराम देना चाहते हैं। ऐस में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले कई युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में जगह मिल सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज अकिब नबी, जिन्होंने रणजी ट्रॉफी में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, विदर्भ के बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे, राजस्थान के बाएं हाथ के स्पिनर मानव सूथार और पंजाब के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को इस टेस्ट टीम में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा, देवदत्त पडिक्कल और नितीश कुमार रेड्डी को भी इस एकमात्र टेस्ट के लिए मौका मिलने की संभावना है। रेड्डी की तेज गेंदबाजी में हाल में आये सुधार को चयनकर्ताओं इस मैच में आजमाना चाहेंगे।

यह एकमात्र टेस्ट मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के दायरे में नहीं आता है, जिसके कारण चयनकर्ता और टीम प्रबंधन अपने मुख्य खिलाड़ियों को आराम देना चाहते हैं।

# बिजनेस

## एक महीने में दूसरी बार एचएसबीसी ने इंडियन इक्विटीज की रेटिंग घटाई

- एचएसबीसी ने 31 मार्च को भारत की रेटिंग ओवरवेट से घटाकर की थी न्यूट्रल

एजेंसी, नई दिल्ली




ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म एचएसबीसी ने एक बार फिर इंडियन इक्विटीज की रेटिंग को घटा कर घरेलू शेयर बाजार और उसके निवेशकों को बड़ा झटका दिया है। ब्रोकरेज फर्म ने इंडियन इक्विटीज की रेटिंग को न्यूट्रल से घटा कर अंडरवेट कर दिया है। एक महीने से भी कम अवधि में एचएसबीसी ने दूसरी बार इंडियन इक्विटीज की रेटिंग घटाई है। इसके पहले 31 मार्च को इंडियन इक्विटीज की रेटिंग ओवरवेट से घटा कर न्यूट्रल की गई थी और अब इसे न्यूट्रल से अंडरवेट कर दिया गया है। एचएसबीसी का कहना है कि पश्चिम एशिया में बने तनाव के हालात और उसकी वजह से कच्चे तेल की कीमत में लगातार आ रही तेजी से महंगाई बढ़ने का खतरा बढ़ गया है।

ब्रोकरेज फर्म की और से जारी किए गए एक नोट में कहा गया है कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जंग की वजह से पेट्रोलियम उत्पादों की तेजी से बढ़ रही कीमत भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। अमेरिका और इजरायल तथा ईरान के बीच 28 फरवरी को जंग की शुरुआत हुई थी। इस जंग की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में 40 प्रतिशत से भी अधिक की तेजी आ चुकी है। ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर कारोबार कर रहा है। कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी के कारण भारत जैसे उन तमाम देशों में महंगाई बढ़ने का खतरा बन गया है जो अपनी जरूरत पूरा करने के लिए आयत का सहारा लेते हैं। एचएसबीसी के नोट में यह भी कहा गया है कि अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग की वजह से भारत में उत्तर पूर्वी एशियाई देशों की तुलना में निवेश के लिए आकर्षण कम हो गया है। इसी वजह से जंग शुरू होने के बाद से लेकर अभी तक निफ्टी 6.7 प्रतिशत और सेंसेक्स 7.9 प्रतिशत तक की गिरावट का शिकार होकर दुनिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले बाजार की सूची में शामिल हो चुके हैं। ब्रोकरेज फर्म ने घरेलू बाजार में गिरावट की चर्चा करते हुए विदेशी निवेशकों की चिंता का भी जिक्र किया है। इसमें भारतीय मुद्रा रुपये की कीमत में आ रही गिरावट का उल्लेख भी किया गया है। नोट में कहा गया है कि अगर भारतीय सॉफ्टवेयर सर्विसेज पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के असर से होने वाले नकारात्मक असर में इजाफा होता है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत ऊंचे स्तर पर बनी रहती है, तो भारतीय मुद्रा में और अधिक गिरावट का होने की आशंका जताई जा सकती है। इसी वजह से विदेशी निवेशक इस साल लगातार भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली कर अपना पैसा निकालने में लगे हुए हैं। 2026 में अभी तक विदेशी निवेशक 18.5 अरब डॉलर के भारतीय शेयर बेच चुके हैं।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उछाल, ब्रेंट क्रूड 105 डॉलर के ऊपर पहुंचा

एजेंसी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज लगातार चौथे दिन क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। ब्रेंट क्रूड आज 105.86 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक उछल गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी आज सौ डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब 97 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के पार पहुंच गया। हालांकि बाद में कच्चे तेल की कीमत में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली शांति वार्ता टल जाने और होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी के मसले पर दोनों देशों के आमने सामने आ जाने की वजह से इस प्रमुख समुद्री रास्ते के जरिये होने वाली कच्चे तेल की सप्लाई लगभग ठप पड़ी हुई है और निकट भविष्य में इसके शुरू होने की संभावना भी नजर नहीं आ रही है। इसी वजह से कच्चे तेल की कीमत में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। आज ब्रेंट क्रूड ने तेजी दिखाते हुए 100 डॉलर के ऊपर 101.66 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग का आईपीओ, 30 अप्रैल को हो सकती है लिस्टिंग

एजेंसी, नई दिल्ली

इंजीनियरिंग सर्विस प्रोवाइडर कंपनी लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड का 88.51 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 27 अप्रैल तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 28 अप्रैल को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 29 अप्रैल को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 30 अप्रैल को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 21 रुपये से लेकर 23 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को एक लॉट यानी 6,000 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 1,38,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 1 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 3,84,84,000 शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें लगभग 75 करोड़ रुपये के 3,26,82,000 नए शेयर और लगभग नौ करोड़ रुपये के 38,76,000 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। इसके अलावा 19,26,000 नए शेयर मार्केट मेकर के लिए रिजर्व रखे गए हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए सिर्फ 4.75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है।

इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 47.55 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 42.70 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए पांच प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए फिनशोर मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि इंटिग्रेटेड रजिस्ट्री मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं अनंत सिक्योरिटीज कंपनी का मार्केट मेकर है। लीपफ्रॉग इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत मामूली उतार चढ़ाव के बावजूद मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 28 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 16.39 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में मामूली गिरावट के साथ 16.22 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीने में यानी अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 14.18 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी उतार चढ़ाव के बावजूद बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 105.38 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 162.88 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में घट कर 137.37 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीने में यानी अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 105.05 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ता गया। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 13.05 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 13.78 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 20.11 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली



सर्राफा बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में आज लगातार चौथे दिन कमजोरी नजर आ रही है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,54,740 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,55,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,41,840 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी बुधवार के भाव 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,54,890 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,54,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,54,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,55,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,42, 490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,54,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में चौतरफा बिकवाली का दबाव

एजेंसी, नई दिल्ली

ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार होता रहा, लेकिन डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान कमजोरी का रुख बना रहा। इसी तरह एशिया में भी आज चौतरफा बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीजफायर का ऐलान करने और कॉरपोरेट सेक्टर में अच्छी कमाई होने की उम्मीद की वजह से पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 340.65 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछल कर 49,490.03 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 1.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,137.95 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 397.60 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,657.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं पश्चिम एशिया में शांति वार्ता टल जाने और होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अमेरिका और ईरान के आमने-सामने आ जाने की वजह से बने तनाव के कारण डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 368.49 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,120.55 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

## शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट के बाद रिकवरी मोड में शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में निचले स्तर से सुधार का रुख

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती गिरावट के बाद सुधार होता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी और बढ़ गई। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार होने लगा। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.55 प्रतिशत और निफ्टी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, सिप्ला, सन फार्मास्युटिकल्स, ओएनजीसी और नेस्ले के शेयर 6.37 प्रतिशत से लेकर 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, एटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, श्रीराम फाइनेंस और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 2.34 प्रतिशत से लेकर 1.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,704 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,349 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,355 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से आठ शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 22 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 16 शेयर हरे निशान में और 34 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 532.83 अंक की कमजोरी के साथ 77,983.66 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली के दबाव के कारण यह सूचकांक 823.43 अंक की कमजोरी के साथ 77,693.06 अंक के स्तर तक गिर गया।

# फिल्म चांद मेरा दिल का नया गाना ऐतबार जारी प्यार में तड़पे अनन्या और लक्ष्य लालवानी





अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की आगामी फिल्म चांद मेरा दिल जैसे-जैसे अपनी रिलीज के करीब आ रही है, इसने लोगों का ध्यान आकर्षित करना शुरू कर दिया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। फिल्म का टीजर और टाइटल ट्रैक जारी हो चुका है। अब इसका दूसरा गाना ऐतबार जारी किया गया है। फहीम अबदुल्ला की आवाज में यह गाना दर्द, तड़प और गहन भावनाओं से भरपूर है। फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद, ऐतबार को दूसरी बार फहीम ने अपनी भावपूर्ण आवाज दी है। जुनूनी प्यार में दिल तोड़ने वाला यह गाना सचिन-जिगर द्वारा संगीतबद्ध और अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखित है। मेकर्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का क्लिप पोस्ट किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, आज तो इश्क दा नाम बदलकर रख दे यार तबाइयांवे। सॉन्ग ऐतबार रिलीज हो गया है। इस गाने के बोल फहीम अब्दुल्ला ने अपनी शानदार आवाज में गाया है, जबकि अमिताभ भट्टाचार्य ने इसके बोल लिखे हैं और सचिन-जिगर ने संगीत तैयार किया है। यह फिल्म कॉलेज के दिनों के हल्के-फुल्के रोमांस से शुरू होती है और धीरे-धीरे एक गहरी तथा दुखभरी प्रेम कहानी में बदल जाती है। फिल्म में संगीत और भावनाओं की गहराई बहुत ज्यादा है। करण जौहर की फिल्मों में संगीत हमेशा खास रहा है। ऐतबार गाना भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाता है। गाने को सुनकर लगता है कि प्यार में अलगाव का दर्द कितना गहरा होता है। फिल्म चांद मेरा दिल की कहानी एक लड़के और लड़की की मुलाकात से शुरू होती है। बाद में कुछ गलतफहमियां और परिस्थितियां दोनों को अलग कर देती हैं। यह ट्रैजिक लव स्टोरी दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी। दृश्यों से साफ है कि यह कहानी प्यार के साथ-साथ अप्रत्याशित चुनौतियों को भी अपने साथ लाने का वादा करती है। फिल्म 22 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसकी टक्कर वरुण धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है से होगी।

# मां के कारण ममता ने लिया था हिंदी सिनेमा से दूरी बनाने का फैसला



किसी को यह अनुमान नहीं था कि तिरंगा, आशिक आवारा, करन-अर्जुन और क्रांतिवीर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाली अभिनेत्री ममता कुलकर्णी एक झटके में बॉलीवुड को अलविदा कह देंगी और अचानक अध्यात्म की राह पर चल पडेगी। हालांकि, ममता ने खुद बताया कि उनकी मां की वजह से उन्होंने हिंदी सिनेमा से दूरी बनाने का फैसला किया था। 20 अप्रैल को एक मराठी परिवार में जन्मी ममता कुलकर्णी को शुरुआत में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का अच्छा ज्ञान नहीं था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने 90 के दशक की कई सुपरहिट फिल्मों में अपनी अभिनय प्रतिभा का लोहा मनवाया। हिंदी सिनेमा में कदम रखने से पहले, अभिनेत्री ने तमिल सिनेमा में अपने करियर को चमकाने की कोशिश की और उन्हें पहली फिल्म 1991 में ननबरगल मिली। इसके बाद साल 1992 में उन्होंने तेलुगु रोमांस ड्रामा प्रेमा शिखराम में काम किया। उसी साल ममता की किस्मत चमकी और उन्होंने पहली हिंदी फिल्म तिरंगा से बॉलीवुड में शानदार एंट्री की। मल्टीस्टारर फिल्म होने के बावजूद, ममता के खूबसूरत चेहरे और कर्ली बालों ने दर्शकों का दिल जीत लिया और उन्हें खूब पसंद किया गया। ममता ने खुद कई बार इस बात का जिक्र किया कि सिनेमा में उन्हें काम के लिए किसी तरह की परेशानी या संघर्ष नहीं करना पड़ा, बल्कि उन्हें जो फिल्में ऑफर होती थीं, वे कोशिश करती थीं कि किसी को मना न करें और हर अच्छे मौके को भुनाएं। साल 1993 में आई फिल्म आशिक आवारा ने ममता को रातोंरात स्टार बना दिया। इस फिल्म में उनके अभिनय के लिए उन्हें फिल्मफेयर न्यू फेस अवॉर्ड से भी नवाजा गया और इसके बाद उनकी सुपरहिट फिल्मों का सिलसिला चलता रहा। हालांकि, साल 2000 के आते-आते उन्होंने अध्यात्म को अपनी नई मंजिल चुना और धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया से किनारा करना शुरू कर दिया। एक समय ऐसा भी आया, जब दुबई के रहने वाले अंडरवर्ल्ड ड्रग माफिया विक्की गोस्वामी के साथ उनके रिश्तों की वजह से बी-टाउन में अभिनेत्री के लिए काम करना मुश्किल हो गया। कई निर्देशक उनके साथ फिल्म करने से कतराने लगे, और फिर साल 2002 आते-आते उन्होंने पूरी तरह से बॉलीवुड को अलविदा कह दिया। उन्होंने खुद एक इंटरव्यू में बताया था कि फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने से पहले उन्हें 30-40 फिल्में ऑफर हुई थीं, लेकिन उनका मन समझ चुका था कि यह सब केवल एक भ्रम है। उन्होंने कहा, मैंने नौ दिन मां की आराधना की। उसी दौरान मेरी मां का भी निधन हो गया। उनके जाने के बाद मेरे अंदर कोई इच्छा नहीं बची थी और मुझे हिंदी सिनेमा में काम नहीं करना था।

# एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने जताई इंडिपेंडेंट सिनेमा के भविष्य पर चिंता



अक्सर विभिन्न सामाजिक और फिल्मी मुद्दों पर एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर ऋचा चड्ढा खुलकर अपनी राय रखती नजर आती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने इंडिपेंडेंट सिनेमा के भविष्य पर गहरी चिंता व्यक्त की है, आखिर इंडिपेंडेंट फिल्ममेकर्स लगातार कमर्शियल एक्टर्स को क्यों कास्ट करते हैं? अभिनेत्री का मानना है कि ऐसे कलाकार उन कहानियों के लिए न तो बॉक्स-ऑफिस पर दर्शकों को आकर्षित कर पाते हैं और न ही किसी इंडिपेंडेंट फिल्म को प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में कोई विशेष साख दिला पाते हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, अगर कोई एक्टर शुक्रवार को आपकी फिल्म को थिएटर में ओपनिंग नहीं दिला पाता और न ही फेस्टिवल्स में कोई खास वजन जोड़ पाता है, तो फिर एक इंडिपेंडेंट फिल्म में उसे कास्ट करने का आखिर फायदा क्या है? यह सवाल सीधे तौर पर इंडिपेंडेंट फिल्ममेकिंग की कास्टिंग रणनीतियों की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऋचा चड्ढा ने स्पष्ट किया कि वह किसी पर कोई आरोप नहीं लगा रही हैं, लेकिन उन्होंने ट्रेंड या प्रशिक्षित एक्टर्स के महत्व पर जोर दिया, जो कमर्शियल सितारों की तुलना में इंडिपेंडेंट फिल्मों के लिए कहीं अधिक उपयुक्त होते हैं। उनके अनुसार, प्रशिक्षित कलाकारों के साथ कम से कम यह भरोसा रहता है कि उनकी परफॉर्मेंस की क्वालिटी बनी रहेगी, जो फिल्म की कलात्मक अखंडता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ऋचा ने कहा कि इंडी फिल्मों के पीछे भी अक्सर कमर्शियल सोच होती है, लेकिन कुछ कहानियों को भीड़ खींचने के लिए हमेशा इतने बड़े चेहरों की जरूरत नहीं होती। ऐसे में, एक ऐसे एक्टर को हायर करना ज्यादा किफायती होता है जो कम बजट में भी फिल्म को साख दिला सके और उसके साथ आने वाले लोगों का खर्च भी न बढ़ाए, जिससे फिल्म का कुल बजट नियंत्रण में रहे। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, किसी भी एक्टर की काबिलियत या अहमियत को कम न करते हुए, मेरा मकसद यह है कि अगर इंडी फिल्मों को 2026 में सचमुच टिके रहना है, तो हमें यह समझना और सीखना होगा कि दर्शक अच्छी कहानियां देखना चाहते हैं, ऐसे काबिल एक्टर्स के साथ जो बजट पर भारी न पड़ें। ऋचा ने इस बात पर जोर दिया कि इंडिपेंडेंट सिनेमा की बुनियाद हमेशा से ही रिस्क लेने, असलियत और मजबूत कहानी कहने पर टिकी रही है। उन्होंने कहा, इंडी फिल्मों का मकसद नई आवाजों, एक्टर्स, लेखकों और टेक्नीशियन्स को सामने लाना होता है, जो फिल्म में कुछ नयापन और ईमानदारी ला सकें। जब फिल्म मेकर्स कमर्शियल वैल्यू के भ्रम में कास्टिंग के मामले में समझौता करते हैं, तो फिल्म अपनी रूह खो देती है और अपने मूल उद्देश्य से भटक जाती है। भारतीय सिनेमा के इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि 1980 के दशक में हमारे यहां इंडी सिनेमा का एक जबरदस्त दौर था, और फारूक शेख, अमोल पालेकर, शबाना आजमी जैसे दिग्गज एक्टर्स अपने आप में बड़े सितारे थे। उन्होंने मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आज वह जगह पूरी तरह से खत्म हो चुकी है, जहां इंडिपेंडेंट सिनेमा अपने दम पर स्टार पैदा कर सके। ऋचा ने चेतावनी दी कि अगर पूरी इंडस्ट्री सिर्फ 5 बड़े मेल एक्टर्स के इशारे का इंतजार करती रहेगी, जो पहले से ही बहुत थके हुए और बिजी हैं, और जिनके कंधों पर आप अपनी फिल्में चलाना चाहते हैं, फिल्मों का प्रोडक्शन बहुत कम हो जाएगा और नए विचारों को मौका नहीं मिलेगा।

## साड़ी, बिंदी और खुले बालज् सामंथा रूथ प्रभु का देसी लुक छाया



साउथ की पापुलर एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु बला की खूबसूरत है. हाल ही में उन्होंने ट्रेडिशनल लुक में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल चुरा लिया. उनका ये अंदाज देखने लायक है. आइए देखते हैं तस्वीरें. सामंथा रूथ प्रभु ने इंस्टाग्राम पर आपकी कई फोटोज शेयर की हैं. जिसमें वो ट्रेडिशनल लुक में नजर आई. एक्ट्रेस ने पीच कलर की साड़ी पहनी है, साथ ही सिंपल ब्लाउज कैरी किया है. साड़ी में वो काफी ब्यूटीफुल लग रही हैं. उन्होंने अपने इस ट्रेडिशनल लुक को बिंदी और गोल्डन एक्सेसरीज कैरी करके कंप्लीट किया है. एक्ट्रेस सटल मेकअप और खुले बालों में बेहद ही हसीन लग रही हैं. उनकी ये सादगी फैंस को भा गई. उन्होंने जमकर अलग-अलग अंदाज में कई पोज दिए हैं. हर एक तस्वीर में उनका खूबसूरती साफ झलक रही है. सामंथा की ये फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. फैंस एक्ट्रेस की खूबसूरती पर फिदा हो गए है. यूजर्स अलग-अलग तरह के कमेंट्स कर उनपर प्यार लुटा रहे हैं.

# मुनमुन दत्ता ने बताया समर मॉर्निंग रूटीन का राज पेट की सेहत के लिए शेयर किए खास देसी ड्रिंक



गर्मियों का मौसम आते ही लोग अपनी सेहत को लेकर ज्यादा सतर्क हो जाते हैं। खासतौर पर इस मौसम में पाचन संबंधी परेशानियां ज्यादा होती हैं, इसलिए खानपान पर ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में कई सेलेब्रिटीज भी अपने हेल्दी रूटीन को फैंस के साथ साझा करते रहते हैं। इसी कड़ी में टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री मुनमुन दत्ता ने अपने समर मॉर्निंग रूटीन की एक झलक सोशल मीडिया पर शेयर की, जो अब खूब चर्चा में है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बबीता का किरदार निभाकर घर-घर में पहचान बना चुकीं मुनमुन दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि वह सुबह की शुरुआत किस तरह से करती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी एक वीडियो और कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें उनके हेल्दी नाश्ते की झलक देखने को मिल रही है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने सुबह के लिए एक ऐसी ड्रिंक तैयार की है, जो पेट की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है और शरीर को अंदर से मजबूत बनाती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि मुनमुन छाछ से कुछ बना रही हैं, जिसे वह पेट की सेहत के लिए बेहतरीन ड्रिंक बता रही हैं। इसे बनाते समय उन्होंने उसमें बारीक कटा हुआ प्याज और हरा धनिया समेत कई चीजों को मिलाया। इसके अलावा, मुनमुन ने एक तस्वीर के जरिए एक और खास ड्रिंक के बारे में जानकारी दी, जिसे रागी अंबली कहा जाता है। उन्होंने कैप्शन में बताया, यह देसी पेय पाचन को बेहतर बनाता है। साथ ही यह गर्मियों में शरीर को ठंडक पहुंचाने का भी काम करता है। यह शरीर को हल्का महसूस कराता है। मुनमुन दत्ता अपने फिटनेस के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर व्यायाम और योग से जुड़े वीडियो और तस्वीरें साझा करती रहती हैं। उनका मानना है कि फिट रहने के लिए एक्सरसाइज के साथ-साथ सही खानपान भी उतना ही जरूरी है। फैंस भी उनके इस हेल्दी लाइफस्टाइल को काफी पसंद करते हैं।

# बेटी नीसा के जन्मदिन पर अजय देवगन और काजोल ने लुटाया प्यार

बॉलीवुड कपल काजोल और अजय देवगन की बेटी नीसा के जन्मदिन पर दोनों ने ही जमकर प्यार बरसाया। दोनों सितारों ने अपनी प्यारी बिटिया को खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। अभिनेता ने अपनी बेटी की बचपन की प्यारी सी तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में नीसा किसी बर्थडे पार्टी में दिख रही हैं और उनके चेहरे पर एक बहुत ही प्यारी और मासूम मुस्कान है। वहीं, दूसरी फोटो में वह अपनी मां काजोल के साथ नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को देखकर यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि नीसा के चेहरे के फीचर्स अपनी मां काजोल जैसे ही हैं, वह अपनी मां की कार्बन कॉपी लगती हैं। अजय देवगन ने इन प्यारी तस्वीरों के साथ एक बेहद भावनात्मक कैप्शन भी लिखा है। उन्होंने लिखा, तुम्हारी ये मुस्कान मुझे हमेशा याद रहती है। जब भी मैं तुम्हें देखता हूं, तो तुम्हारा वही मासूम रूप हमेशा मेरे दिलों में बसा रहता है। तुम हमेशा इसी खुशी से मुस्कुराती रहो। जन्मदिन मुबारक हो मेरी प्यारी बच्ची। अजय के इस संदेश में एक पिता का अपनी बेटी के प्रति गहरा प्यार और दुलार साफ झलक रहा है। अभिनेत्री काजोल ने भी अपनी बेटी नीसा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और दुर्गा पंडाल की कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में काजोल ने नीसा को अपनी बांहों में ले रखा है और उन पर प्यार लुटाती दिख रही हैं, जो मां-बेटी के खूबसूरत रिश्ते को दर्शाता है। काजोल ने इन तस्वीरों के साथ एक मार्मिक कैप्शन लिखा, मैं बहुत भाग्यशाली हूं क्योंकि उसके जन्म से मेरी दुनिया पूरी तरह बदल गई। मैं हर दिन भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं, मेरी प्यारी बच्ची, तुम परिपूर्ण हो और हमेशा मेरी रहोगी। तुम्हें और मुझे जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इस पोस्ट में काजोल ने नीसा के साथ-साथ खुद को भी जन्मदिन की बधाई दी है, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि बच्चे के जन्म के साथ मां का भी एक नया जन्म होता है। बता दें कि नीसा देवगन सोशल मीडिया की एक बेहद चर्चित स्टारकिड हैं और अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। हालांकि, अतीत में नीसा को उनके लुक और रंग को लेकर सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया था, जिसे लेकर काजोल ने एक इंटरव्यू में अपना दुख भी जाहिर किया था। अभिनेत्री ने उस दौरान साफ किया था कि वह नीसा को ट्रोलिंग को नजरअंदाज करने की सलाह देती हैं, लेकिन जो कुछ नीसा के बारे में सोशल मीडिया पर कहा जाता है, वह एक मां के तौर पर उनके लिए दुख देने वाला होता है।



# तौलिया खरीदते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, होगा सही चयन

तौलिया एक जरूरी वस्तु है, जिसका उपयोग हम रोजमर्रा में करते हैं। नहाने या स्विमिंग पूल के बाद तौलिया का इस्तेमाल करना आम बात है। हालांकि, क्या आपने कभी सोचा है कि सही तौलिया कैसे चुना जाए? सही तौलिया न केवल आपकी त्वचा को सुखाने में मदद करता है, बल्कि आराम और सुरक्षा भी प्रदान करता है। आइए जानते हैं कि तौलिया खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। तौलिया खरीदते समय सबसे पहले उसके फैब्रिक पर ध्यान दें। सूती तौलिये सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि वे नर्म, पानी सोखने वाले और टिकाऊ होते हैं। सूती तौलिये त्वचा को आरामदायक महसूस कराते हैं और पानी को अच्छी तरह सोख लेते हैं। इसके अलावा सूती तौलिये जल्दी सूख जाते हैं और उनकी देखभाल करना भी आसान होता है। अगर आप पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं तो प्राकृतिक सूती तौलिये भी एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं। तौलिये का आकार भी महत्वपूर्ण होता है। बाजार में अलग-अलग आकार के तौलिये मिलते हैं, जैसे कि बड़े, छोटे, मध्यम आदि। बड़े तौलिये बिस्तर या पूल के लिए अच्छे होते हैं, जबकि छोटे तौलिये हाथ या चेहरे के लिए उपयुक्त होते हैं। मध्यम आकार के तौलिये सबसे अधिक प्रचलित होते हैं क्योंकि वे सभी प्रकार के उपयोगों के लिए अनुकूल होते हैं। अपने उपयोग के अनुसार सही आकार चुनें ताकि वह आपकी जरूरतों को पूरा कर सके। मोटाई भी तौलिये के चयन में अहम भूमिका निभाती है। मोटे तौलिये अधिक पानी सोखते हैं और त्वचा को अच्छी तरह सुखाते हैं।



# NRAI National Judges Course 2026 Kicks Off in New Delhi



**New Delhi.** The National Rifle Association of India (NRAI) National Judges Course 2026—which marks the second national judges course of the year under the NRAI Education Program—commenced on Wednesday at the Goldfinch Hotel in Delhi-NCR. Running until April 26, this course brings together aspiring and current technical officials from across the country on a single platform. NRAI Secretary General Pawan Kumar Singh and Secretary Rajiv Bhatia were present at the inaugural ceremony, where they formally launched the course. The program will be conducted by experts Dheeraj Singh and Arun Vareshi, who will guide participants through the technical and practical aspects of officiating in shooting sports. This initiative is part of NRAI's ongoing efforts to strengthen the technical infrastructure of shooting sports in India and to cultivate a pool of trained and competent judges. Participants in this course will also have the opportunity to attend the upcoming ISSF 'B' Judges Course, scheduled to be held in June 2026. Addressing the participants, Pawan Kumar Singh emphasized the pivotal role played by judges and juries in ensuring the fairness, transparency, and smooth conduct of competitions. He noted that since shooting is one of India's most successful Olympic sports, the contribution of trained technical officials becomes even more critical in maintaining these high standards. On this occasion, he also highlighted NRAI's rich legacy, stating, "The NRAI was established in 1951 under the leadership of eminent personalities—including G.V. Mavalankar, former Prime Minister Lal Bahadur Shastri, Uttar Pradesh's first Chief Minister G.B. Pant, and Maharashtra's first Chief Minister Yashwantrao Chavan—along with numerous other freedom fighters and national leaders. As we mark our 75th anniversary, we remain committed to upholding and advancing their vision and values." Shedding light on future plans, he stated that the NRAI has set a target for this year to introduce 750,000 new school students to the sport of shooting, thereby fostering talent at the grassroots level. He further added that trained judges and officials would play a pivotal role in this expansion, ensuring high-quality competitions across all levels. The NRAI National Judges Course continues to be a significant initiative aimed at establishing a robust and professional officiating framework within Indian shooting, helping to groom the next generation of technical officials in alignment with international standards.

# Three-Day 'Chintan Shivir' on Social Justice Begins Friday in Chandigarh




**New Delhi.** The Union Ministry of Social Justice and Empowerment is organizing a high-level, three-day 'Chintan Shivir' (brainstorming session) in Chandigarh from April 24 to 26. According to the Ministry, the central theme of the camp is "Antyodaya ka Sankalp, Amrit Kaal ka Pratibimb – Viksit Bharat 2047" (The Resolve of Antyodaya, A Reflection of Amrit Kaal – Developed India 2047), which underscores the government's commitment to inclusive empowerment and bringing marginalized communities into the mainstream. During the camp, the Ministry will launch several key initiatives aimed at strengthening its digital outreach. These include the 'Samavesh' Portal, the NMBA 2.0 App (Nasha Mukt Bharat Abhiyan/Drug-Free India Campaign), the 'Setu' App, and the 'SMILE' App. Additionally, a special publication featuring Model Guidelines for Beggar Homes and Minimum Standards for Dementia Care Homes will be released. The National Institute of Social Defence (NISD) will also sign new agreements in collaboration with various universities. Discussions will be conducted across different groups throughout the three-day session. Sessions will also be held on topics such as the identification of marginalized communities, access to credit (financial empowerment), and accessibility and certification for persons with disabilities. The objective of the camp is not only to identify current shortcomings but also to formulate short-term and long-term recommendations for achieving the goal of a 'Developed India by 2047' (Viksit Bharat 2047). The exchange of successful models among states is expected to lay the foundation for a framework of improved governance and digital innovation. Official information regarding the conclusions drawn from the deliberations at the camp, as well as the future roadmap, will be provided on the final day.

# Chief Minister Conducts Surprise Inspection of Aruna Asaf Ali Hospital



**New Delhi.** Delhi Chief Minister Rekha Gupta conducted a surprise inspection of Aruna Asaf Ali Hospital on Thursday. During the inspection, she sought feedback from patients and their relatives regarding the hospital's arrangements and the availability of doctors. Posting on the social media platform 'X', the Chief Minister stated that, after gathering feedback from doctors, staff, and the hospital management, she issued necessary directives aimed at making healthcare services modern, efficient, empathetic, and citizen-centric. "It is our resolve that every citizen of Delhi experiences a healthcare system where timely treatment is provided, modern facilities are available, the environment is hygienic, and every patient receives care with dignity." In view of the prevailing heat, the Chief Minister has directed the hospital administration to ensure—on a top-priority basis—the availability of medicines, drinking water, sanitation, patient amenities, and all other essential arrangements. The goal is to ensure that every citizen receives timely treatment, and that all hospital services serve as centers of compassion and trust. The Delhi Government is working continuously in this direction.

# Order to Remove Videos of Kejriwal's Petition Hearing from Social Media




**New Delhi.** The Delhi High Court has ordered the removal from social media of videos related to the hearing on former Chief Minister Arvind Kejriwal's petition, which sought the recusal of Justice Swarana Kanta Sharma from the proceedings. While issuing this order, a bench headed by Justice V. Kameswar Rao also issued a notice to Arvind Kejriwal. During the hearing on Thursday, the social media platform Meta stated that it had removed certain URLs. During the proceedings, Google submitted that it had not removed any YouTube links, as they did not contain recordings of the court's proceedings. The petitioner objected to this, asserting that videos of the court's proceedings were indeed present in those links as well. Consequently, the Court directed Google to remove all videos related to the court's proceedings. Prior to this, on March 22, Justice Tejas Kariya had recused himself from hearing this matter. The petition has been filed by advocate Vaibhav Singh. The petition raises objections regarding the recording and uploading to social media of videos of the hearing concerning the plea to recuse Justice Swarana Kanta Sharma—a plea filed against the Central Bureau of Investigation's (CBI) petition challenging the trial court's discharge of Kejriwal in the Delhi Excise Policy scam case. In the petition, a demand has been made to initiate contempt of court proceedings against Kejriwal and Ravish Kumar, as well as against Congress leader Digvijaya Singh and Aam Aadmi Party leaders Manish Sisodia, Sanjay Singh, Sanjeev Jha, Poorandeep Sahni, Jarnail Singh, Mukesh Ahlawat, and Vinay Mishra. The petition specifically requests that videos of the court's proceedings be removed from social media platforms. It alleges that Kejriwal presented misleading arguments in court without any factual basis. Furthermore, it claims that Kejriwal leveled several baseless allegations with the intent of undermining the dignity of the Court. The petition states that recordings of Kejriwal's arguments were uploaded to various channels across platforms such as X (formerly Twitter), Facebook, Instagram, and YouTube, thereby constituting an attempt to mislead the general public. Through this, an attempt was made to exert undue pressure on the Court and the Central Government. Prior to this, the petitioner—advocate Vaibhav Singh—had lodged a complaint with the Registrar General of the High Court, seeking action against Kejriwal and others. On April 20, the bench of Justice Swarana Kanta Sharma rejected Arvind Kejriwal's plea to recuse herself from hearing the case. Justice Sharma observed that a judge cannot be recused from hearing a case based solely on conjectures.

## Mahila Congress Launches Postcard Campaign, Demands Immediate Implementation of 33% Reservation for Women



**New Delhi.** The Mahila Congress organized a postcard campaign here at the General Post Office, demanding the immediate implementation of the Nari Shakti Vandan Adhiniyam, 2023. During the event, women protesters raised slogans against the government while conducting a signature campaign. Notably, the All India Mahila Congress (AIMC) had announced a nationwide "postcard campaign" on Wednesday, demanding the implementation of 33 percent reservation for women based on the current 543 seats in the Lok Sabha. AIMC Chief Alka Lamba stated during a press conference that the objective of this campaign is to mobilize 10 lakh women to send postcards to the Prime Minister. These postcards will demand the immediate implementation of the Nari Shakti Vandan Adhiniyam, 2023.

# Modi Government Fails on Fuel and Food Security Fronts: Congress President




**New Delhi.** Congress President Mallikarjun Kharge has accused the Central Government of grave failures regarding fuel and food security. He stated that the government resorted to delimitation in an attempt to divert attention from its failures and the serious allegations leveled against it, but the nation has seen through this charade. Writing on the social media platform 'X', Kharge alleged that India's crude oil production has been on a downward trend for the 11th consecutive year, with total production declining by approximately 22 percent since 2014-15. A decline of about 40 percent has also been recorded in gas production. LPG connections have been discontinued, and people in rural areas are facing long waiting periods for cylinder bookings, alongside rampant black marketing. Citing the fuel crisis, he further alleged that Indian vessels are unable to secure safe passage through the Strait of Hormuz, and 14 Indian-flagged ships have been stranded there for 54 days. Kharge noted that fertilizer production hit a five-year low in March 2026, recording a decline of 24.6 percent. While China had imposed restrictions on specialized fertilizers in July 2025 and Russia has also halted exports, the Modi government has taken no steps toward diversifying import sources. He asserted that farmers are constantly grappling with fertilizer shortages—a situation he attributed to the government's apathy.

# Jaggi Murder Case: Supreme Court Stays Life Sentence Handed to Amit Jogi



**New Delhi.** The Supreme Court has stayed the life sentence handed down to Amit Jogi—son of former Chhattisgarh Chief Minister Ajit Jogi and a convict in the 2003 murder of Nationalist Congress Party (NCP) leader Ram Avatar Jaggi in Chhattisgarh. A bench headed by Justice Vikram Nath issued this order in response to a petition filed by Amit Jogi. Amit Jogi has challenged the verdict of the Chhattisgarh High Court before the Supreme Court. The Chhattisgarh High Court had sentenced Amit Jogi to life imprisonment. During the hearing, Senior Advocates Kapil Sibal and Mukul Rohatgi, appearing on behalf of Amit Jogi, argued that the High Court had passed its order without hearing Amit Jogi's side of the case. Ram Avatar Jaggi was murdered on June 4, 2003, while traveling in his car. In 2007, the trial court acquitted Amit Jogi but convicted the other co-accused. The CBI challenged the trial court's order in the High Court. In addition to the CBI, the complainant in the case—Satish Jaggi—also challenged the order acquitting Amit Jogi in the High Court. In 2011, the Chhattisgarh High Court dismissed the CBI's plea, ruling that the petition was not maintainable. In 2025, disagreeing with the High Court's verdict, the Supreme Court directed that the CBI's appeal be decided on its merits. The High Court subsequently conducted a fresh hearing; setting aside the trial court's order, it identified Amit Jogi as the mastermind behind the crime and sentenced him to life imprisonment.

# Annual Festival "Symphony" Held at DU's Kirori Mal College



**New Delhi.** On Wednesday evening, the Foreign Students Committee at Delhi University's (DU) Kirori Mal College organized its annual festival, "Symphony." Held under the theme "Vasudhaiva Kutumbakam: The World is One Family," the event saw enthusiastic participation from students representing various nations, presenting a beautiful testament to cultural diversity. Anup Lather, Chairman of the Delhi University Cultural Council and Public Relations Officer, was present at the event, while the proceedings were presided over by the college Principal, Prof. Dinesh Khattar. Sharing his experiences from both within the country and abroad, Lather stated that Delhi University is committed not only to academic excellence but also to the cultural and personality development of its students. He urged the students to work hard to realize their dreams. In his welcome address, college Principal Prof. Dinesh Khattar extended a warm welcome to the students and guests arriving from various countries. He affirmed that Kirori Mal College is continuously striving to foster the spirit of global brotherhood while simultaneously providing a superior academic and conducive environment for its international students. On this occasion, Prof. Shalini Bakshi also reiterated the commitment of both Delhi University and the college, extending her best wishes for a bright future to the international students. At the conclusion of the event, Dr. Ved Prakash, Convener of the Foreign Students Committee, expressed his appreciation for the active participation of the international students. He announced that the college plans to organize a grand cultural program and a three-day educational excursion in the near future. Notably, approximately 80 students from around 15 different countries are currently pursuing their studies at Kirori Mal College. Hailing from diverse social, cultural, and geographical backgrounds, these students came together during the event to truly embody the spirit of "Vasudhaiva Kutumbakam."

# Lieutenant Governor Taranjit Singh Sandhu Attends SRCC's Centenary Celebrations



**New Delhi.** Delhi's Lieutenant Governor, Taranjit Singh Sandhu, attended the 100th Annual Day celebrations of the Shri Ram College of Commerce (SRCC) on Thursday as the Chief Guest. On this occasion, while congratulating the institute's faculty, students, and alumni, he described the centenary year as a historic achievement. Speaking on the occasion, Lieutenant Governor Taranjit Singh Sandhu stated that this milestone reflects the institute's continuity, resilience, and its unwavering commitment to academic excellence. He noted that this prestigious institution, established in 1926, has consistently provided outstanding leadership to the nation over the years. He remarked that SRCC has groomed multiple generations of leaders, policymakers, entrepreneurs, and professionals who have made significant contributions to the development of both the country and Delhi. Recalling his own past association with the campus, Sandhu mentioned that returning here was a particularly emotional and inspiring experience for him. He added that institutions like SRCC play a pivotal role in molding a youth force that is prepared for the future. During the event, the Lieutenant Governor also referred to Prime Minister Narendra Modi's vision, which advocates for moving beyond limiting education solely to the academic realm, and instead fostering character building, creativity, and critical thinking. The Lieutenant Governor expressed confidence that SRCC, as it steps into its second century, will continue to serve as a bridge between innovation and responsibility, and will make a significant contribution to the vision of a 'Viksit Bharat' (Developed India) and a 'Viksit Delhi' (Developed Delhi). Senior TV journalist Rajat Sharma was also present at SRCC's 100th Annual Day celebrations.